Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 75 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 03 सितंबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



त्याग करना तो मनुष्य का गुणधर्म है।
Renunciation is the attributive nature of a man.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन, तीन श्रद्धालुओं की मौत

**कटड़ा (आरएनएस)।** माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग से बड़ी खबर सामने आई है।खबर यह है कि यहां लैंडस्लाइड हुआ है जिसमें दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि एक लडक़ी गंभीर रूप से घायल है। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ ने पुष्टि की है कि मंदिर के रास्ते पर पत्थर गिरने और भूस्खलन की घटना हुई है। श्राइन बोर्ड की आपदा प्रबंधन टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रभावित लोगों को बचाने और सहायता प्रदान करने के प्रयास जारी हैं।

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, कुकी उग्रवादियों ने गांव पर ड्रोन से बरसाए बम

**इंफाल (आरएनएस)।** मणिपुर के घाटी इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी तथा मृतक महिला की नाबालिग बेटी समेत नौ अन्य घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने बताया कि भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटी से अंधाधुंध गोलीबारी की और इंफाल पश्चिम जिले के अंतर्गत कोत्रुक और पड़ोसी कडांगबंद के निचले घाटी इलाकों में बम भी फेंके। इस गोलीबारी में 31 वर्षीय महिला और एक ग्रामीण की मौत हो गई।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तीजा के अवसर पर दी बड़ी सौगात

# महतारी वंदन योजना : 70 लाख महिलाओं को सीधे खाते में मिली 1-1 हजार रुपए की सातवीं किस्त



### मुख्यमंत्री के बटन दबाते ही महिलाओं के खिले चेहरे, विष्णु भैया को दिया धन्यवाद

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को तीजा के अवसर पर बड़ी सौगात दी है। उन्होंने आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के के मौके पर महतारी वंदन योजना के सातवीं किस्त की राशि के रूप में 01-01 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से महिलाओं के खाते में अंतरित किये। महिलाओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने अपने विष्णु भैया को धन्यवाद दिया।

गौरतलब है कि प्रदेश में महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज मे महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसके अंतर्गत राज्य की विवाहित, विधवा परित्यक्ता और तलाकशुदा जिनकी उम्र 21 वर्ष से अधिक हो ऐसी महिलाओ को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बटन दबाकर प्रथम किश्त की राशि जारी की थी।योजना के तहत पहले चरण में करीब 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभार्थी के तौर पर चुना गया है, जिनके बैंक खाते में योजना की 7 किश्ते ट्रांसफर कर दी गई हैं।

मुख्यमंत्री निवास में माताओं-बहनों के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक कलाकार आरु साहू सहित अन्य कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति पर माता-बहनों ने जमकर नाच गाकर पोरा तिहार का लुफ्त उठाया। महिलाओं के हाथों में मेहंदी बनाई जा रही थी और वहीं उन्हें लाख की चूड़ियां भी भेंट की गई।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



### मुख्यमंत्री निवास में आयोजित विष्णु भैया संग तीजा-पोरा कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े हुई शामिल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री निवास में आयोजित 'विष्णु भैया संग तीजा-पोरा' कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विष्णुदेव सरकार लगातार महिलाओं को सशक्त बनाने और किसानों को फसल का सही दाम देकर छत्तीसगढ़ को विकसित बना रही है। साथ ही मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने सखी सेंटर, नारी निकेतन, शक्ति सदन, महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं राष्ट्रीय पोषण माह के पोस्टर का विमोचन भी किया। सुपोषण रथ राज्य के विभिन्न गांव में भ्रमण कर लोगों को पोषण का संदेश देगा। इस रथ में सुपोषण पर केंद्रित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। सुपोषण रथ के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधित ऑडियो वीडियो संदेशों का प्रसारण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पोषण माह के दौरान इस वर्ष एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक पोषण आहार, पोषण भी और पढ़ाई भी, गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदाय हेतु तकनीक का प्रयोग और समग्र पोषण पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन समुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित संदेशों के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु 1 सितम्बर 2024 से 30 सितंबर 2024 तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है ताकि एक जन आंदोलन के रूप में सुपोषण की यात्रा में समुदाय की विभिन्न घटक सहभागी हो सके। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बताया कि प्रदेश में 52000 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, शिशुवती महिलाओं, 0 से 06 साल तक के बच्चे, किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य पोषण संबंधित सेवाएं प्रदाय की जा रही हैं।

# अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के सदस्य शामिल कर उन्हें संगठन की विचारधारा से जोड़ना सुनिश्चित करना है : डॉ. रमन सिंह



**रायपुर ( आरएनएस )।** भाजपा के सदस्यता अभियान के अंतर्गत एक बार पुन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत सभी भाजपा के सदस्य संगठन की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। हम सब को भी इस महाभियान में अपने-अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के सदस्य शामिल कर उन्हें संगठन की विचारधारा से जोड़ना सुनिश्चित करना है। उक्त बातें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के 'संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024' के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज सदस्यता अभियान का एक और दौर प्रारंभ हो रहा है. भारतीय जनसंघ से अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है. अगर किसी दल में आंतरिक लोकतंत्र निरंतर नहीं पनपता तो वैसी स्थिति बनती है जो आज हम देश के कई दलों की देख रहे हैं. पीएम मोदी ने कहा, बीजेपी अपने संविधान के अनुसार चलती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कहा, हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही साथ ही राजनीतिक दलों में अनूठी पार्टी भी है. कोई राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से हर 6 साल में सदस्यता अभियान नहीं करता। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जिस पर हमें गर्व है. केंद्रीय रक्षा मंत्री और भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने कहा, भारत में पहले के नेताओं की कथनी और करनी में अंतर के कारण विश्वास का संकट पैदा हो गया था।

# हरियाणा और महाराष्ट्र की घटना को लेकर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली से सटे हरियाणा के चरखी दादरी और महाराष्ट्र के धुले की घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलमानों पर लगातार हमले हो रहे हैं और सरकारी तंत्र मूकदर्शक बना देख रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कितनी भी कोशिश कर ले, नफरत के खिलाफ भारत जोड़ने की इस ऐतिहासिक लड़ाई को हम हर हाल में जीतेंगे।

# कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने महिला सुरक्षा को लेकर सरकार पर जमकर निशान साधा



**रायपुर ( विसं )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और भिलाई शहर में हुए दुष्कर्म मामले को लेकर कांग्रेस प्रदेश की बीजेपी सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में सोमवार को महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर राजीव भवन में सुप्रिया श्रीनेत और पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार को घेरने की जमकर निशाना साधा। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने साय सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आज इस देश में आधी आबादी के लिए कोई जगह भी नहीं बची है. आज पूरा देश सदमे में है। पश्चिम बंगाल में जो हुआ उसके साथ ही देश भर में जो हो रहा है, वो सत्ता के संरक्षण में हो रहा है. आखिर उन्हें कितनी निर्भया चाहिए। रायपुर के राजीव भवन में कांग्रेस की प्रेस कांफ्रेंस हुई। इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई नेता मौजूद थे. कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि छत्तीसगढ़ भी महिलाओं के लिए असुरक्षा से अछूता नहीं.रायपुर और भिलाई में दुष्कर्म के मामले सामने आए है।

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कई शहरों में महिलाओं से ज्यादती के मामले सामने आए है. सरकार दुराचारी को बचाने में जुट जाती है. पीड़ित महिला को दर दर भटकना पड़ता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 8 महीने में 600 से अधिक रेप हुए हैं. प्रदेश में 3000 अपराध महिलाओं के खिलाफ हुए है. महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार हो रहे हैं। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सरकार इन मामलों में पर्दा डालने का काम कर रही है. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है. आधी आबादी के साथ दुष्कर्म पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

### सदस्यता अभियान समारोह में बोले पीएम मोदी- जहां चुनौती है वहीं दिलों में कमल खिलाना है



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी ने आज से सदस्यता अभियान लॉन्च कर दिया है। दिल्ली स्थिति बीजेपी मुख्यालय में पीएम मोदी ने इस अभियान को लॉन्च किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने मिस्ड कॉल के जरिए बीजेपी की सदस्यता ली। जम्मू कश्मीर, हरियाणा, झारखंड और महाराष्ट्र को छोड़कर पूरे देश में सदस्यता अभियान कार्यक्रम की आज से शुरुआत हो गई। बीजेपी मुख्यालय विस्तार में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन, पीयूष गोयल आदि समेत कई मंत्री मौजूद हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि जनसंघ से लेकर अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है। जिस संघठन के माध्यम से देश की जनता सत्ता सुपुर्द करती है, वो ईकाई, वो संगठन, वो दल अगर लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता है या उसके अंदर आंतरिक लोकतंत्र निरंतर नहीं पनपता है तो ऐसी स्थिति आती है जो आज हम देश कई दलों में देख रहे हैं। अमित भाई ने कहा कि देश में एकमात्र यही एक दल है जो पार्टी के संविधान का अक्षरशः पालन कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दल ऐसे ही यहां तक नहीं पहुंचा। अनेक पीढ़ियां खप गई है। तब जाकर यह दल लोगों के दिलों में जगह बना पाया है। मैं जब राजनीति में नहीं था, जनसंघ के जमाने में बड़े उत्साह के साथ कार्यकर्ता दीवारों पर दीपक (जनसंघ) पेंट करते थे। तब कई राजनीतिक दल के नेता मजाक उड़ाते थे कि दीवारों पर दीपक जलाने से सत्ता के गलियारे तक नहीं पहुंचा जा सकता है। हम वो लोग हैं जिन्होंने दीवारों पर इतनी श्रद्धा से पेंट किया कि दीवारों पर पेंट किया हुआ कमल कभी न कभी तो दिलों पर पेंट हो जाएगा। कुछ लोग हमेशा हमारा मजाक उड़ाते रहे। जब संसद में हमारे दो सदस्य थे तब भी इतना भद्दा मजाक उड़ाया गया था। कुछ लोगों का चरित्र ही ऐसा होता है। ऐसी सभी आलोचनाओं को झेलते हुए हम जनसामान्य के कल्याण के लिए समर्पित होकर नेशन फर्स्ट की भावना को जीते हुए चलते ही रहे। पीएम मोदी ने कहा कि चुनौती को चुनौती देना बीजेपी की रगों में है। जहां चुनौती है, वहां दिलों में कमल खिलाना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, हमारी पार्टी इस देश की सबसे अलग पार्टी है क्योंकि हम अपने सदस्यता अभियान को हर 6 साल में नया करते है और पूरे प्रजातांत्रिक तरीके से करते हैं। हमारे कार्यकर्ता सरकार और संगठन के बीच कड़ी का काम करते हैं। 1950 से जो हमारा कारवां चला तब से हम राष्ट्र के लिए ही चले। कोई बूथ अछूता नहीं रहना चाहिए।

### संगठन सर्वोपरि, आज हम हर जगह हैं : जेपी नड्डा

पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन सर्वोपरि है और प्रथम है। उन्होंने कहा किआवश्यकता पड़ी है पीएम मोदी ने संगठन को प्रथम वरीयता दी और हमेशा पार्टी के लिए आगे आए। जब अमित शाह जी अध्यक्ष थे तब उन्होंने सदस्यता अभियान को प्रमुखता से लेते हुए आगे बढ़ाया। लगातार देश भर में कार्यशाला लगाई। पहली बार निर्णय हुआ की हम सदस्यता अभियान डिजिटल माध्यम के जरिए करेंगे और आपार सफलता मिली। इस बार भी सदस्यता अभियान 10 करोड़ से ज्यादा का होगा। उन्होंने कहा कि अकेली बीजेपी ऐसे पार्टी है जो प्रजातांत्रिक तरीके से चलती है। जेपी नड्डा ने कहा, %हमारे 18 करोड़ की सदस्यता होने के बावजूद, बीजेपी के संविधान के अनुच्छेद 9 के कारण हर 6 साल में सदस्यता का नड्ढह्नीकरण करना होता है। आज हम हर जगह हैं, बूथ मंडल समेत सभी जगह प्रजातांत्रिक तरीके से है। सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद, बूथ, मंडल, जिला, राज्य का चुनाव होगा फिर देश का चुनाव होगा।

# कैबिनेट ने दो प्रमुख व्यावसायिक केन्द्रों- मुंबई और इंदौर के बीच सबसे छोटा रेल सम्पर्क प्रदान करने के लिए 309 किलोमीटर लंबी नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दी

- स्वीकृत परियोजना व्यावसायिक केन्द्रों मुम्बई और इंदौर को सबसे छोटे रेल मार्ग से जोड़ने के अलावा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के उन जिलों को जोड़ेगी जो अब तक रेल मार्ग से नहीं जुड़े थे, इनमें महाराष्ट्र के 2 और मध्य प्रदेश के 4 जिले शामिल
- परियोजना की कुल लागत 18, 036 करोड़ रुपये है और यह 2028-29 तक पूरी हो जाएगी
- निर्माण के दौरान परियोजना लगभग 102 लाख मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा करेगी




**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने रेल मंत्रालय के तहत 18, 036 करोड़ रुपये (लगभग) की कुल लागत वाली नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। इंदौर और मनमाड के बीच प्रस्तावित नई लाइन सीधा सम्पर्क प्रदान करेगी और गतिशीलता में सुधार करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी की नए भारत की कल्पना के अनुरूप है, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को ५आत्मनिर्भर५ बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध सम्पर्क प्रदान करेगा।

यह परियोजना 2 राज्यों, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 6 जिलों को कवर करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 309 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

इस परियोजना के साथ 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे आकांक्षी जिले बड़वानी को बेहतर सम्पर्क मिलेगा। नई रेलवे लाइन परियोजना से लगभग 1, 000 गांवों और लगभग 30 लाख आबादी को सम्पर्क मिलेगा।

परियोजना देश के पश्चिमी/दक्षिण-पश्चिमी हिस्से को मध्य भारत से जोड़ने वाला छोटा रास्ता उपलब्ध कराकर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगी। इससे श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर सहित उज्जैन-इंदौर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन/धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी।

परियोजना से पीथमपुर ऑटो क्लस्टर (90 बड़ी इकाइयां और 700 छोटे और मध्यम उद्योग) को जेएनपीए के गेटवे पोर्ट और अन्य राज्य बंदरगाहों से सीधा सम्पर्क मिलेगा। परियोजना मध्य प्रदेश के बाजरा उत्पादक जिलों और महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक जिलों को भी सीधा सम्पर्क प्रदान करेगी, जिससे देश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में इसके वितरण में सुविधा होगी।

कृषि उत्पादों, उर्वरक, कंटेनर, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, पीओएल आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है। क्षमता वृद्धि कार्य के परिणामस्वरूप लगभग 26 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन है, जो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (18 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बनडाइक्साइड उत्सर्जन (138 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा जो 5.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

# किसानों को मोदी सरकार की बड़ी सौगात, कैबिनेट ने 7 प्रस्तावों को दी स्वीकृति



**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों की आय में वृद्धि तथा पशुधन, बागवानी और कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का प्रयोग बढाने के लिए 13966 करोड़ रुपए के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं को स्वीकृति दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कृषि डिजिटल, कृषि शिक्षा, अनुसंधान, किसान कोष और कृषि विकास केंद्र को मजबूत करने संबंधी 7 कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने में कृषि के योगदान को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रम शुरु किये हैं। इसी कड़ी में कृषि के विकास और किसान कल्याण के लिए 13,966 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी है।

वैष्णव ने बताया कि 2817 करोड़ रुपए से डिजिटल कृषि मिशन आरंभ किया जाएगा जिससे किसानों को अपने कृषि आदानों के लिए आसानी से ऋृण उपलब्ध होगा और कागजी प्रक्रिया घटेगी। इस कार्यक्रम में किसान और कृषि की जानकारी डिजिटल की जाएगी। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए 3979 करोड़ की योजना बनायी गयी है। इसके अंतर्गत कृषि अनुसंधान पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा कृषि शिक्षा, प्रबंधन एवं सामाजिक विज्ञान के लिए 2291 करोड़ का कार्यक्रम शुरु किया जाएगा। इसमें जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न कृषि संबंधी चुनौतियों से निपटने पर जोर दिया जाएगा। पशुधन स्वास्थ्य एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए 1702 करोड़ रुपए की योजनायें बनायी गयी है। इसमें पशुओं के स्वास्थ्य, डेयरी उत्पादन और संसाधन आदि पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बागवानी के विकास के लिए 860 करोड़ रुपए की योजना तैयार की गयी है। इसमें फल, फूल, कंदमूल और सब्जी आदि पर जोर दिया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को सुदृढ़ बनाने के लिए 1202 करोड़ रुपए खर्च किये जाएंगे। इसके अलावा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए 1115 करोड़ रुपए का कार्यक्रम तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार लगातार किसान कल्याण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए काम कर रही है और निरंतर निर्णय कर रही है।

## एसआरयू में अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा 'यूनियन बजट 2024-25 एंड इंडियन इकॉनमी' पर विशेष व्याख्यान का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कला संकाय के अंतर्गत अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा एक्स्ट्रामुरल लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में प्रो. आर.के. ब्रह्मे ने केंद्रीय बजट 2024-25 की बारीकियों का गहन विश्लेषण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एस.के. सिंह , कला संकायाध्यक्ष प्रो. मनीष कुमार पाण्डेय और मुख्य अतिथि प्रो. आर.के. ब्रह्मे ने परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक परंपरा और एक्स्ट्रामुरल लेक्चर सीरीज की उपयोगता बताते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को बजट की बारीकियों का ज्ञान होना चाहिए। यह सौभग्य की बात है कि प्रो. ब्रह्मे जैसे विशेषज्ञ के माध्यम से आप बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं को जान सकते हैं।

कला संकायाध्यक्ष प्रो. मनीष कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कला संकाय अपने विद्यार्थियों को विषयान्तर्गत अध्ययन के साथ ही सम-समायिक विषयों से अवगत कराने के लिए कटिबद्ध है और यह विशेष व्याख्यान इसी कड़ी में किया गया एक प्रयास है।

प्रो. आर.के. ब्रह्मे ने बजट का विश्लेषण करते हुए विद्यार्थियों को बतलाया कि इस बजट में विद्यार्थियों के लिए विशेष इंटर्नशिप का प्रावधान है और बिना बजट के उपबंधों को जाने आप यह नहीं समझ सकते कि सरकार को क्या करना चाहिए और क्या नहीं? साथ ही आप नहीं जान सकते कि हमारे टैक्स का राष्ट्र के निर्माण में कैसे उपयोग किया जा रहा है।

अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा भारती ने धन्यवाद ज्ञापित किया और डॉ. अर्चना तुपट ने मंच का सञ्चालन किया। इस अवसर पर कला संकाय, विधि विभाग, वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय और शिक्षा संकाय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कलिंगा विश्वविद्यालय ने आकर्षक व्याख्यान के साथ मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत सरकार ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के सम्मान में 23 अगस्त को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किया है, जिसके तहत शिव शक्ति बिंदु पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराई गई तथा 23 अगस्त, 2023 को प्रज्ञान रोवर को चंद्र सतह पर तैनात किया गया।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस अंतरिक्ष अन्वेषण में महत्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता देता है और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति को उजागर करता है। यह दिन छात्रों के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि पैदा करके और उन्हें रोल मॉडल प्रदान करके भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए समर्पित है।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर, कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर के विज्ञान संकाय ने एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया, जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के मूल विज्ञान केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी कांत चावरे ने विशेष अतिथि व्याख्यान दिया। विज्ञान संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. सोहिनी भट्टाचार्य ने स्वागत भाषण दिया और उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में



प्रतिष्ठित विद्वान डॉ. चावरे ने इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता और संसाधन व्यक्ति दोनों के रूप में कार्य किया। उनके व्याख्यान में अंतरिक्ष अन्वेषण के विभिन्न पहलुओं, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नवीनतम विकास और भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों की संभावनाओं पर चर्चा की गई। उनकी अंतर्दृष्टि ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्र, संकाय सदस्य और कर्मचारी शामिल थे।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का उत्सव, विश्वविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों में विज्ञान, विशेषकर रसायन विज्ञान और भौतिकी के क्षेत्र में गहरी रुचि पैदा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का एक हिस्सा था। इस कार्यक्रम ने छात्रों को समकालीन वैज्ञानिक मुद्दों और प्रगति से जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान किया, जिससे उनकी शैक्षणिक और शोध गतिविधियों को और अधिक प्रेरणा मिली।

डॉ. चावरे ने अंतरिक्ष अनुसंधान को आगे बढ़ाने में अंत:विषयक सहयोग के महत्व और अंतरिक्ष अन्वेषण के भविष्य को आकार देने में युवा वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान में संभावित कैरियर के अवसरों पर भी प्रकाश डाला और छात्रों को इस रोमांचक क्षेत्र में अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन एक आकर्षक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और संकाय सदस्यों ने डॉ. चावरे से प्रश्न पूछे, जिससे उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान की जटिलताओं और चमत्कारों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त हुई।

कलिंगा विश्वविद्यालय ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करके अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखता है, जो मूल्यवान शिक्षण अनुभव प्रदान करते हैं और छात्रों को विभिन्न वैज्ञानिक विषयों में नवीनतम रुझानों और शोध से अवगत कराते हैं। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2024 का उद्देश्य न केवल अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों का स्मरण करना है, बल्कि अगली पीढ़ी को सितारों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना भी है।

कार्यक्रम के संयोजक रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पी श्रीवास्तव और भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ आलोक वर्मा थे। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. आर. जयकुमार, गणित एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. जी.वी.वी.जे. राव, भौतिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अविनाश सिंह, भौतिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पोरा तिहार पर की भगवान शिव और नंदीराज की पूजा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पोरा तिहार पर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय के साथ पोरा तिहार पर भगवान शिव और नंदीराज की पूजा की। उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े भी पूजा में शामिल हुए।

### लिपिक वर्गीय कर्मचारियों का लेखा प्रशिक्षण सत्र नवम्बर-2024 में प्रवेश हेतु 30 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा लेखा प्रशिक्षण का सत्र 01 नवम्बर 2024 से प्रारंभ किया जाना है। उक्त लेखा प्रशिक्षण सत्र की अवधि 01 नवम्बर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक 04 माह की होगी। लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को लेखा प्रशिक्षण शाला के उक्त सत्र में चयन-प्रवेश हेतु शासन के निर्देशानुसार 30 सितम्बर 2024 तक आवेदन पत्र सम्बन्धित आहरण-संवितरण अधिकारियों के माध्यम से आमंत्रित किये गए हैं। लेखा प्रशिक्षण शाला बस्तर संभाग जगदलपुर की प्रशिक्षण क्षमता बस्तर संभाग के सभी 07 जिलों के लिए प्रति सत्र केवल 50 सीट निर्धारित है। लेखा प्रशिक्षण हेतु आवश्यक अर्हता के तहत लिपिक वर्गीय कर्मचारियों का नियमित सेवाकाल तीन वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। यह सेवाकाल निरंतर एवं तृतीय श्रेणी लिपिकीय पद पर नियमित सेवाकाल होना चाहिए। लेखा प्रशिक्षण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों में से प्रशिक्षणार्थियों के चयन का सम्पूर्ण अधिकार संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन जगदलपुर की अध्यक्षता में गठित चयन समिति को प्राप्त है। उक्त आवेदन पत्र अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 संध्या 5.30 बजे तक विशेष वाहक अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा स्वीकृत किये जायेंगे। लेखा प्रशिक्षण के पूर्व सत्रों में प्रवेश से वंचित कर्मचारियों के आवेदन पत्र स्वमेव निरस्त माने जायेंगे। उन्हें नवीन सत्र हेतु पुन: नवीन आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## मड़ियापार पोला महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### बैल दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ, महोत्सव आयोजन के लिए प्रति वर्ष 5 लाख रूपए की घोषणा

**कार्यक्रम स्थल पर डोम निर्माण, मड़ियापार में सामुदायिक भवन निर्माण, तथा लिटिया में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की घोषणा**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज दुर्ग जिले के ग्राम मड़ियापर में आयोजित पोला महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि सम्मलित हुए। उन्होंने बैल दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और शास्त्री नवयुवक मंडल मड़ियापार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ की पुरातन संस्कृति एवं पारम्परिक खेलों का संगम प्रदर्शित किया गया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ग्रामवासियों को पोला तिहार की बधाई एवं शुभकामनाये दी। उन्होंने कहा कि मड़ियापार के बैल दौड़ के बारे में बहुत सुनने को मिला था आज इसे देखने का भी अवसर मिला। उन्होंने कहा कि पोला तिहार किसानों का खेती किसानी से जुड़ा सबसे बड़ा त्योहार है। यह हमारे जीवन में खेती



किसानी और पशुधन का महत्व बताता है। इस दिन घरों में उत्साह से नादिया बैल और जाता पोरा की पूजा कर अच्छी फसल और घर में धन धान्य से परिपूर्ण के लिए प्रार्थना की जाती है। यह छत्तीसगढ़ की परम्परा, संस्कृति और लोक जीवन की गहराइयों से जुड़ा पर्व है। किसानों के हितों को ध्यान में रखकर केन्द्र और राज्य सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश की 70 लाख माताएं-बहनों को तीजा-पोरा त्यौहार के मौके पर महतारी वंदन योजना के तहत सातवी किश्त की राशि महिलाओं के खातों में अंतरण किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के आय दोगुना करने सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए राज्य में 13 लाख किसानों को धान का दो वर्ष के बकाया बोनस के रूप में 3716 करोड़ का भुगतान किया गया हैं। इसके साथ ही किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की गई है। इसी प्रकार तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 4 हजार से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने पारम्परिक त्योहारों का सरंक्षण एवं संर्वधन के लिए प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी ऐसे आयोजन पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने पोला महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर डोम निर्माण, मड़ियापार में सामुदायिक भवन निर्माण, पोला महोत्सव आयोजन के लिए प्रति वर्ष 5 लाख रूपए तथा ग्राम लिटिया में जिला सहकारी बैंक शाखा खोलने की घोषणा की।

सांसद श्री विजय बघेल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पोला महोत्सव से मड़ियापार को प्रदेश में पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत से तीज त्योहार मनाते आ रहे है। इन त्योहारों से यहां प्रेम और सद्भावना बढ़ी है। उन्होंने पोला त्योहार की सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को जगदलपुर विधायक श्री किरण सिंह देव, क्षेत्रीय विधायक श्री ईश्वर साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री जागेश्वर साहू, श्री लाभचंद बाफना एवं श्री अवधेश सिंह चंदेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, आयोजन समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय ब्रेनिस अबकस प्रतियोगिता, दुर्ग के शिवांश गौतम ने तीसरा स्थान पर मारी बाजी

**दुर्ग ( आरएनएस )।** ब्रेनिस अबकस के तत्वाधान में रविवार को रायपुर स्थित अग्रसेन धाम में आयोजित राज्य स्तरीय अबकस प्रतियोगिता स्टेज 3 लेबल ब्रेनिस में शिवांश गौतम ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए दुर्ग शहर नगर का गौरव बढ़ाया। शिवांश गौतम कृष्णा पब्लिक स्कुल पुलगांव चौक दुर्ग के प्रतिभावान छात्र हैं जो कि कक्षा चौथी में अध्ययनरत हैं। सहायक अभियंता नगर वृत्त कार्यालय में कार्यरत ऋतुराज गौतम एवं सेजस सेलूद में पदस्थ प्रधान अध्यापिका डॉ रितिका गौतम के सुपुत्र हैं। उक्त उपलब्धि के लिए शिवांश गौतम के द्वारा अपने प्रशिक्षक श्री अमन सर, अमित सर एवं माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके अथक परिश्रम और मेहनत के कारण ही आज वो इस उपलब्धि को हासिल कर पाये। सफलता प्राप्ति के पश्चात् शिवांश गौतम अपने निवास स्थान पहुंचे।

## मुख्यमंत्री साय, प्रदेश अध्यक्ष देव के हाथों सदस्यता लेकर भाजपा के अभियान की शुरुआत करेंगे

### शुभारंभ कार्यक्रम में रमेश बैस, बृजमोहन, मूणत, पुरंदर, मोतीलाल, अनुराग सिंहदेव सहित पार्टी पदाधिकारी, मंत्री, सांसद-विधायक रहेंगे मौजूद : संजय श्रीवास्तव

**हजारों कार्यकर्ता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर अभियान को संगठन की दृष्टि से मील का पत्थर साबित करेंगे : श्रीवास्तव**

**सदस्यता अभियान को लेकर सभी में जबरदस्त उत्साह : अनुराग सिंहदेव**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि कल 3 सितंबर को प्रदेश में सदस्यता अभियान का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आहूत कार्यक्रम में होगा। सदस्यता अभियान का शुभारंभ 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के हाथों सदस्यता ग्रहण कर किया और कल 3 सितंबर को इस अभियान की शुरुआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के हाथों प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सदस्यता ग्रहण करके करेंगे। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि इस दौरान पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू सहित पार्टी पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, विधायक, सांसद उपस्थित रहेंगे।



भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इस मौके पर हजारों कार्यकर्ता पार्टी की सदस्यता ग्रहण अभियान को भव्य स्वरूप प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम संगठन की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होने वाला है। भाजपा सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह करते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्थापित वॉर-रूम सदस्यता अभियान की हर पल की निगरानी रखेगा। सदस्यता अभियान में अधिक-से-अधिक सदस्य बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता संकल्पित हैं। इसके अगले दिन 4 सितंबर को जिला इकाइयों और 6 सितंबर को मंडल इकाइयों में सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी। पार्टी की सदस्यता के लिए बूथ स्तर पहुँचकर प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं और जनता में जबरदस्त उत्साह है छत्तीसगढ़ सदस्यता के मामले में अपना पुराना रिकॉर्ड जरूर तोड़ेगा।अभियान को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। अभियान सर्वस्पर्शी होगा,हर बूथ चाहे वह कितने भी दुर्गम क्षेत्र में हो, वहां से भी सदस्य बनाए जाएंगे, हर क्षेत्र हर समाज हर वर्ग के लोग ,युवा महिला बुजुर्ग सभी बड़ी संख्या में भाजपा के सदस्य बनेंगे।

## चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के सौंदर्यीकरण के लिए समस्त कार्यकारिणी सदस्यों व समिति प्रभारियों ने डेकोरेटिव प्लांट रोपे

**महाराष्ट्र मंडल की सुंदरता बढ़ाएंगे क्रोटन, एकलिफा, मिनी गुलमोहर के पौधे : अजय मधुकर काले**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल कार्यकारिणी की जीवटता और एक- एक सदस्यों के मानसिक, शारीरिक और आर्थिक सहयोग के चलते महाराष्ट्र मंडल का नया भवन सर्व समाज को समर्पित किया जा चुका है। इस नवनिर्मित भवन को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए महाराष्ट्र मंडल ने पूरे भवन में शो पीस वाले सुंदर पौधे लगाए। क्रोटन, एकलिफा और मिनी गुलमोहर जैसे पौधे अब मंडल की सुंदरता बढ़ाएंगे। उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने पोला पर्व पर मंडल में पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान कही।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आज जिन पौधों का रोपण किया गया, वे आप सभी के सहयोग से बड़े होंगे और पर्यावरण की दिशा में हमारे कार्य गति प्रदान करेंगे। उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि मंडल के नये भवन को सुंदर बनाने के लिए मंडल की सभी समितियों के साथ मिलकर पूरे परिसर, लॉन, लॉबी, बड़े हाल, मिनी हाल सहित सीढ़ियों में पौधे लगाए गए हैं। इसके साथ मंडल के प्रवेश द्वार के पास गार्डनिंग की जाएगी। यहां मिनी गुलमोहर के पौधे लगाएं जाएंगे। सभी पौधे घर की सजावट में इस्तेमाल होने वाले हैं। इनमें क्रोटन, कोलियस, एकलिफा, अरेकापाम, मिनी गुलमोहर, फर्न और पेंडूनाश के पौधे शामिल हैं। इस अवसर पर मंडल मेस प्रभारी दीपक किरवईवाले, सहसचिव सुकृत गनोदवाले, मालती मिश्रा, डा. जेएस उरकुरकर, सखी निवास प्रभारी नमिता शेष, प्रिया बक्षी, अंजलि काले, रेणुका पुराणिक, आस्था काले, अर्चना मुकादम, अनघा करकशे, अभय भागवतकर, किशोर साहू, हेमंत मार्डीकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## महतारी वंदन की 7वीं किस्त, विधायक गजेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**दुर्ग ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई 'महतारी वंदन योजना' की सातवीं किस्त विष्णुदेव सरकार ने जारी कर दी है। महिलाओं के खाते में डिबीटी के माध्यम खाते में 1-1 हजार रूपए भेजा गया है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन से जनता की गारंटी पूरी हो रही है। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं की खुशी ही हमारा संतोष है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिल चुकी सात किश्त की राशि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सभी केबिनेट मंत्री का आभार जताया है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की महिलाओ का सम्मान भाजपा ने ही किया है जन धन खाता हो, उज्जवला योजना से सिलेंडर, महिला के नाम राशनकार्ड और महतारी योजना सभी जगह महिलाओ को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने मोदी सरकार ने चिंता की है।

## बिगलू प्रसाद गुप्ता की मूर्तिकारी के आगे पस्त हुए कलकत्ता के मूर्तिकार, मिट्टी से आकर्षक तरह-तरह की मूर्ति को जीवित रूप दे रहे

**पांचवी फेल बिगलू प्रसाद गुप्ता ने मूर्तिकारी से लाखों का दिल जीता**

**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** एक दौर में पांचवी पास ने बड़ी नौकरियां की तो पांचवी फेल भी कम नही थे. ऐसे लोग आज भी मौजूद है. आज हम आपको मूर्तिकार बिगलू प्रसाद गुप्ता के बारे में बताने जा रहें है बिजली टोली निवासी बिगलू प्रसाद गुप्ता पांचवी में तीन बार फेल हुए . इस वजह से उनको घर में माता पिता से फटकार सुनना पड़ता था. तरह -तरह की बातें सुनकर उनका दिमाक पक गया . अंतत: उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी. आगे भविष्य अंधर में था वहीं समय भी निकलता जा रहा था. . ऐसे हालात और मुश्किलों के बीच कुछ कर गुजरने का रास्ता ढूंढ़ रहें थे. किस्मत ने दरवाजे बंद किए लेकिन अगला रास्ते खोल दिए .ऐसा बिगलु प्रसाद गुप्ता के साथ हुआ. 1962 में जब भारत चीन कि लड़ाई हुई थीं उस दौरान कलकत्ता से जशपुर नगर में मूर्तिकार आएं थे. जो बाजार डांढ में मूर्तियां बना रहें थे जिसे देखकर बिगलू प्रसाद गुप्ता मन्त्रमुग्ध हो गए. उनकी कारीगरी देख उन्होंने मूर्तिकार बनने कि ठान लिया.वो काम के लिए मूर्तिकारों के पास गए वहां उनको नही रखा गया द्य उल्टा उन्हें डांट के भगा दिए. जिससे वह मायूसी हो गए .फिर क्या था ज़ब मूर्ति कार मूर्ति बनाते तब बिगलु उसे छिप कर देखते और घर में जाकर मूर्तियां बनाने का अभ्यास करते थे. मूर्तिकारी के गुर सीखने के बाद बिगलु प्रसाद ने 1965 में अपनी खुद की मूर्तिकारी शुरू की. उनकी हुनर के आगे कलकत्ता मूर्तिकार पस्त हो गए. आखिरकार उन्हें बंगाल भगाना पड़ा. बिगलु ने अपनी



बेहतरीन मूर्तिकारी से लाखों का दिल जीता है.वह जशपुर जिले के पहले लौते मुतिकार है जिन्होंने प्रदेश में मूर्तिकारी से अपनी पहचान बनाई है.

**पहली कमाई का ख़रीदा रिक्सा :** संघर्ष करने वाले को उनकी मेहनत के दिन और पहली कमाई हमेशा याद रहते है. उनके संघर्ष के दौरान विजय, अजय, भाई रामअवतार, रामदेव गुप्ता, समेत परिवार का भरपुर साथ एवं सहयोग रहा है. बिगलु प्रसाद गुप्ता बताते है 1962 में उन्होंने कुछ पैसे जमा कर पेंट, ब्रश ख़रीदा और मूर्तिकारी शुरू की. पहली मूर्ति की दूकान बाजार डांढ़ में लगाई. उस समय मूर्ति खरीददारों की भीड़ लग गई. जिसकी क़ीमत 5 रु.थीं. एक समय में बिगलु मूर्ति निर्माण के लिए लावा नदी की मिट्टी भार में ढोकर लाया थे. मिट्टी ढोकर लाते उनकी हाथों में छाला पड़ जाता था. मूर्तिकार ने अपनी जरूरतों को देखते हुए पहली कमाई का रिक्सा ख़रीदा था जिसे वह आज भी बहुत हिफाजत के साथ रखे हुए है. जिसमें आज भी वह मिट्टी ढोकर लाते हैं. बिगलु बताते है कि वह 74 की उम्र में लाखों मूर्तियां अब तक बना चुके है.

# छत्तीसगढ़ में मौसमी बीमारियों का कहर

## डेंगू, डायरिया और स्वाइन फ्लू के मामले बढ़े




**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में इन दिनों मौसमी बीमारियों का कहर लोगों पर टूट रहा है. बिलासपुर से लेकर जगदलपुर तक मरीज मौसमी बीमारियों की चपेट में आकर परेशान हैं. बिलासपुर में स्वाइन फ्लू से 33 साल की महिला की मौत अस्पताल में हो गई. महिला को इलाज के लिए परिवारवालों ने भर्ती कराया था. बिलासपुर स्वास्थ्य विभाग ने 2 और मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि की है. कोरबा में तो डेंगू इस कदर फैला हुआ है कि यहां का रिहायशी इलाका मुड़ापार डेंगू का हॉटस्पॉट बन चुका है. बीते दिनों कोरबा के एक मरीज की डेंगू से बिलासपुर में मौत भी हो चुकी है. बिलासपुर में स्वाइन फ्लू का कहर: बिलासपुर में स्वाइन फ्लू से महिला मरीज की अस्पताल में मौत हो गई. स्वाइन फ्लू से मरीज की मौत होने पर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट पर है. स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक दो और मरीजों में स्वाइन फ्लू के लक्षण मिले हैं. स्वाइन फ्लू की पुष्टि होने के बाद दोनों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है. अकेले बिलासपुर में स्वाइन फ्लू से पांच मरीजों की जान जा चुकी है. जिले में अभी तक स्वाइन फ्लू के 96 पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं. स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी कर लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है. सीएएचओ ने गाइडलाइन जारी कर उसका पालन करने को कहा है. कोरबा में डराने लगा डेंगू: कोरबा के मुड़ापार सहित कई इलाकों में डेंगू का कहर बढ़ने लगा है. स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अबतक 200 से ज्यादा डेंगू के मरीज प्रभावित इलाकों में मिल चुके हैं. बीते दिनों एक डेंगू मरीज की मौत भी हो चुकी है. जिस मरीज की मौत हुई है उसे बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया था. स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक हर दिन 1000 से ज्यादा मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं. डेंगू प्रभावित इलाके के लोगों का आरोप है कि सही तरीके से दवाओं का छिड़काव नहीं किया जा रहा है. गंदगी और पानी जमा होने से डेंगू के मच्छर बढ़ रहे हैं. बलरामपुर में डायरिया का प्रकोप: बलरामपुर के ओबरी गांव में डायरिया के दर्जनभर मरीज मिले हैं. एक साथ डायरिया के इतने मरीज मिलने पर हड़कंप मच गया है. सभी मरीजों में उल्टी और दस्त की शिकायत है. गंभीर रुप से बीमार मरीजों को बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ओबरी गांव के लोगों का कहना है कि गंदा पानी पीने की वजह से डायरिया इलाके में फैला है. डायरिया के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम अब डोर टू डोर वाटर टेस्टिंग का काम और मरीजों की पहचान कर रही है. डॉक्टर लोगों पानी छानकर और उबालकर पीने की सलाह सभी लोगों को दे रहे हैं. जगदलपुर उल्टी दस्त की शिकायत के बाद 30 बच्चे अस्पताल पहुंचे: जगदलपुर में छिंदवाड़ा आवासीय विद्यालय के 30 छात्र महारानी अस्पताल में भर्ती हैं. सभी बच्चों को पेद दर्द और उल्टी दस्त की शिकायत है. महारानी और डिमरापाल अस्पताल में भर्ती बच्चों को देखने के लिए प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष किरण सिंह देव और कलेक्टर पहुंचे.

# जिला पुलिस ने डीजे संचालकों की बैठक बुलाई



**कोरबा(विश्व परिवार)।** मीटिंग बुलाकर उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा दिए गए निर्देशों को पालन कराने एवं त्यौहार को मद्देनज़र रखते हुए दिये निर्देश। इस वर्ष कुल 21 कार्यवाही कोलाहल अधिनियम के तहत की गई है और आगे भी ये कार्यवाही जारी रहेगी। श्रीमान पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/ चौकी के द्वारा ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए एवं आगामी त्यौहार के मद्देनजर रखते हुए डीजे संचालकों की विशेष मीटिंग बुलाकर निर्देशित किया गया। दिनांक 31.08.2024 को जिले के थाना/चौकी में डीजे संचालकों का बैठक बुलाया गया जिसमें थाना प्रभारी मीटिंग बुलाकर उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा दिए गए निर्देशों को पालन करने एवं डीजे का संचालन करने का निर्देश दिया गया जिसमें डीजे साउंड में साउंड लिमिटर का उपयोग करना सुनिश्चित करने, प्रयोग किया गए वाहन में सिस्टम लगाकर विस्तार मोडिफाइड न करने, साउंड सिस्टम का उपयोग किए जाने के लिए समय पर विशेष ध्यान दिए जो की रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6 बजे तक नहीं बजाए जाना सुनिश्चित करें। किसी न्यायालय, अस्पताल एवं शिक्षण संस्थान के 200 मीटर दायरे में नहीं बजायेंगे तथा एसडीएम न्यायालय से अनुमति प्राप्त किए गए कार्यक्रम में ही डीजे का संचालन करने का हिदायत दिया गया है।

# डेढ़ करोड़ की आश्रम भवन में गुणवत्ता की अनदेखी, कराया कार्य बंद

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के दुरस्थ वनांचल एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी में पिछले 2022, एवं 23 से कार्य प्रारंभ हुई है जहां करोड़ो रुपए की लागत से चल रहे आत्मानंद स्कूल, एवं 50 सीटो वाली आदिवासी कन्या आश्रम ,का निर्माण कार्य हो रहा है,जिसकी लागत ढेड़ करोड़ से अधिक है लेकिन ठेकेदार ने अपने मनमाने ढंग से निर्माण धीन भवन की गुणवत्ता को दरकिनार कर उक्त भवन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। गत 28 अगस्त बुधवार को जब इस संबंध में सरपंच श्रीमती शेषमणि मरावी, एवं उप सरपंच श्रीमती ईदु देवी जयसवाल, तथा ग्राम वासियों को जानकारी मिली तो तत्काल निर्माण कार्य स्थल कन्या आश्रम में पाया गया की बिना कोई जिम्मेदार सिविल इंजीनियर की अनुपस्थिति में भवन की ढलाई की जा रही थी, जिसमें ग्राम वासियों की एक टीम ने भवन की मौका निरीक्षण में यह पाया गया कि सेंट्रिग ,के कार्य में राड,15 सेंटीमीटर के स्थान पर मात्र 6 ईंच,राड लगा कर भवन की खानापूर्ति की जा रही थी, इतना ही नहीं काफी मात्रा में उक्त निर्माण धीन भवन में कई खामियां पाई गई, यह भी देखा गया कि भवन निर्माण स्थल पर ना ही किसी प्रकार की विभागीय सूचना पटल साईन बोर्ड ठेकेदार ने नहीं लगाया है, तत्पश्चात स्थानीय ग्रामीण एवं सरपंच पति राजूराम मरावी,व उप सरपंच पति मुरारी लाल जायसवाल, सहित सुर्य जीत,दिलीप राज, संजय कुमार, राजेन्द्र कुमार रजक, लकमी सिंह मरावी, शिबू राजवाड़े, दिनेश केराम,गो. ग. पा. से ब्लाक यूवा मोर्चा अध्यक्ष विद्वान सिंह, ग्राम पंचायत जजगी, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, एवं लगभग दो दर्जन स्थानीय ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य को देखकर अचंभित रह गए और तत्काल निर्माण कार्य को बंद कराया गया।

# यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग ने स्कूल बसों/वैन का किया निरीक्षण

### सजग कोरबा अभियान के तहत यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त कार्यवाही

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक श्री बेनेडिक्ट मिंज एवं ज़िला परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिन्हा के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की टीम के द्वारा स्कूल में चल रहे वाहनों का निरीक्षण और वाहन चालकों की चेकिंग की गई। आज दिनांक 01/09/2024 को पुलिस और परिवहन विभाग टीम के द्वारा स्कूल में चल रहे कुल 68 स्कूल बस/वैन को चेक किया गया। पुलिस टीम का यह उद्देश्य है कि स्कूलों में चल रहे स्कूल बस/वैन का रजिस्ट्रेशन दुरुस्त हो एवं साथ ही साथ वाहन चालक का लाइसेंस सही हो जिससे यातायात दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। बस ड्राइवर को यातायात नियमों का पालन करने हेतु हिदायत भी दिया गया। निरीक्षण दौरान स्कूल बस/वैन को चेक किया गया कि उसमें पीला रंग है कि नहीं और आगे पीछे स्कूल बस लिखा है कि नहीं। बस में फर्स्ट ऐड किट, अग्नि शमन यंत्र, नीचे बस्ता रखने की जगह, स्पीड गवर्नर, डोर लॉक सिस्टम आदि सही है कि नहीं। बस एवं उसके ड्राइवर के दस्तावेज भी चेक किए गये।पुलिस के द्वारा स्कूल प्रबंधन को बस में एक टीचर अवश्य बैठाने के लिए निर्देशित किया गया।

# एनीकट निर्माण ठेका कंपनी के सुपरवाइजर और चौकीदार को बंधक बना

### तीन नकाबपोश डेढ़ लाख का सामान वाहन में भरकर फरार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बागों थाना क्षेत्र के ग्राम पचरा के तान नदी में कोरबा निवासी कॉन्टेक्टर द्वारा एनी कट का निर्माण कराया जा रहा है। 31 अगस्त की रात करीब 1 बजे चार पहिया वाहन से तीन नकाबपोश कैम्प में घुस कर सुरवाइजर और चौकीदार को बंधक बना कर करीब डेढ़ लाख रु की निर्माण सामग्री व उपकरण वाहन में भरकर ले गए.करीब दो घंटे उन्हे समान वाहन में लोड करने में लगे। हिदायत देते हुए करीब तीन बजे नकाब पोशो ने जाते समय सुपरवाइजर और चौकीदार के हाथ पैर में बांधी रस्सी खोल दी। वारदात की जानकारी कांट्रेक्टर जयेश मिश्रा को लगने पर बागों थाना रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। प्रार्थी जयेश मिश्रा ने पुलिस को बताया कि वह रानी रोड कोरबा का निवासी है व ठेकेदारी का काम करता है। एनीकट बनाने का काम बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम पचरा के तान नदी में चल रहा है। 31 अगस्त 2024 के रात्रि करीबन 1 बजे तीन नकाबपोश उसके साइट कैम्प में घुसकर सुपरवाईजर तथा चौकीदार के हाथ बांधकर घर एवं बाहर में रखे 4 नग बैटरा, 2 नग पानी पंप तथा बाहर में रखे 80 नग लोहे का सेंटरिंग प्लेट को चोरी कर ले गये हैं। सुपरवाईजर विजय साहू, चौकीदार हेमंत कुमार तंवर के साथ घटना हुई है। केम्प में 2 पोकलेन, 1 हाईवा, 350 नग लोहे का प्लेट, 3 नग वाईब्रेटर, 5 नग, 5 एचपी पानी पम्प, 1 जनरेटर. 5 टन छड़, 20 लोहे के पाईप, एंगल, 4 नग बैटरा व अन्य निर्माण की संपत्ति रखी है तथा 2 रूम स्टाफ एवं चौकीदार के लिए बनाये हैं जिसमे विजय साहू (सुपरवाईजर) और हेमंत (चौकीदार) है। दोनो अलग-अलग कमरे मे सोते हैं। रात करीब 3रू30 बजे फोन आया कि 3 अज्ञात नकाबपोश कैम्प मे घुस आये और हाथ बांध दिये। कमरे में रखे 4 बैट्रा, 2 पानी पम्प एवं 80 नग लोहा प्लेट चोरी कर ले गये हैं। हेमंत का हाथ पीछे बांधे थे जो 3 बजे जाने के बाद खोल लिये एवं सुपरवाईजर विजय का भी हाथ खुल गया।

# शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य कार्यक्रम में 700 से अधिक लोगों को मिला लाभ




**कोरबा(विश्व परिवार)।** शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फ उंडेशन द्वारा कोरबा जिले में 20 अगस्त 2024 से 28 अगस्त 2024 तक एक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य कार्यक्रम के दौरान मुफ्त परामर्श, उच्च रक्तचाप (बीपी) जांच और परिवार नियोजन तथा कल्याण पर मुफ्त काउंसलिंग और एचआईवी एड्स से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। उच्च रक्तचाप जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया, बीपी की जांच की गई, और डॉ. गीता राठौर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सफाई कर्मचारी और ऑटो रिक्शा चालकों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। उन्हें स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित स्वास्थ्य जांच और धूम्रपान व शराब से परहेज के बारे में भी सलाह दी गई। इसी तरह ग्रामीण पुरुषों और महिलाओं को परिवार नियोजन के लाभ, विधियों और स्थायी और अस्थायी तरीकों के बारे में शिक्षित किया गया। उन्हें यह जानकारी दी गई कि पुरुष और महिलाएं दोनों ही नसबंदी करा सकते हैं, और सलाहकारों ने परिवार नियोजन से जुड़े मिथकों पर सही सलाह दी। कोरबा में ट्रक चालकों के साथ एक जानकारीपूर्ण और इंटरएक्टिव एचआईवी जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य ड्राइवरों और ट्रक चालकों को एचआईवी की रोकथाम, उपचार और प्रबंधन के बारे में जागरूक करना था। कोरबा मेडिकल कॉलेज से विशिष्ट एचआईवी सलाहकार श्री भरत जायसवाल की उपस्थिति ने सत्र को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बना दिया। उन्होंने एचआईवी से संबंधित चिकित्सा पहलुओं पर विशेषज्ञ जानकारी प्रदान की।

# चार अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा नशे के रोकथाम तथा सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार , अतरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल अनुविभागीय अधिकारी संजय तिवारी के मार्गदर्शन में पोड़ी पुलिस टीम की कार्यवाही दिनांक 31/08/24/ को मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया की मध्यप्रदेश बालाघाट का रियाज शाह जो पशु तस्करी करता है पशु व्यापारियों से मीटिंग करने बोडला दामापुर की तरफजा रहा है तथा अपने वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब ले जा रहा है की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पोड़ी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते दूसरे राज्य से शराब तस्करी करते आरोपी मोहसिन अली पिता मोहम्मद अली उम्र 32 वर्ष वार्ड नंबर 10 राजा नगर बालाघाट मध्य प्रदेश रियाद शाह पिता शहंशाह राजा नगर बालाघाट मध्य प्रदेश मेला राम मंगेशकर पिता महत्व मंगेशकर 55 साल ग्राम महा मड़वा थाना कुंडा कमल नारायण मंगेशकर पिता ज्ञानचंद मंगेशकर उम्र 40 साल ग्राम मौहा मड़ुआ के कब्जे से चार पेटी 200 नग अंग्रेजी गोवा शराब तथा एक नग बोलेरो वाहन क्रमांक 9075 को बरामद कर जप्त किया है तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध चौकी पौड़ी में अपराध क्रमांक193 /24 धारा 34(2 )आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता ने परिवार के साथ किया आत्महत्या

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा से दिल दहला देने वाली ख़बर आ रही है, बताया जा रहा है कि यहां कांग्रेस नेता ने अपने पत्नी और दो बेटों सहित जहर सेवन कर खुदकुशी कर लिया, इस घटना के बाद पुरे इलाके में सनसनी है।जानकारी के मुताबिक पूरा मामला कोतवाली थाना इलाके के बोंगापार की बताई जा रही है,जहां के रहने वाले कांग्रेस नेता पंचराम यादव ने अपने पत्नी और दो बेटों संग जहर सेवन कर लिया,जिन्हें गंभीर हालत में जांजगीर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया था, बताया जा रहा है कि बिलासपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान चारों की मौत हो गई। कांग्रेस नेता ने अपने परिवार संग इतना बड़ा आत्मघाती कदम क्यों उठाया इस बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है, पर कहा जा रहा है कि व्यापार में नुकसान होने की वजह से वह कर्ज से परेशान थे, इधर सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कोटवार की हत्या

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिला के थाना पसान के लैंगी गाँव के कोटवार की हत्या का मामला सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लैंगी में रहने वाले रामदास महंत जो लैंगी में ही निवासरत है और गांव में ही कोटवारी का काम करता था। वह कल मोटरसाइकिल से अपना दूसरा घर गया था। शाम को घर लौटते समय घर से कुछ दूरी पर बचाओ की आवाज आई। लोगों ने समझा की अधेले में बाइक से गिर गया होगा। घर वाले घटना स्थल पहुंचे तो वह दम तोड़ चुका था उन्होंने इसकी सूचना पसान थाना में दी रात में पुलिस आकर मौक़ा मुआयना कर शव को मरचुरी में रख दिया। शव परीक्षण करने से उसके शरीर में गंभीर चोट के निशान दिखाई दिया जिससे उसकी हत्या करने की बात सामने आ रही है ,पुलिस जांच में जुटी परिवार वालों ने कुछ लोगो पर हत्या करने का शक जाहिर किया है।

### भारी वाहन ने छीन ली बहन की जिंदगी, भाई गम्भीर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा शहर से लगे क्षेत्र में देर रात बड़ा हादसा हो गया। रात को स्कूटी में घूमने निकले भाई-बहन को तेज रफ्तार भारी वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे में बहन की मौत हो गई जबकि भाई गंभीर रूप से घायल है। घायल किशोरी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही शहर में शोक व्याप्त हो गया है। जानकारी के मुताबिक क्ड- राताखार मार्ग में निवासरत शिव ग्लास के संचालक की पुत्री लगभग 18 वर्षीय मीनल और उसका भाई दोनों घूमने निकले थे। बताया जा रहा है कि रात करीब 9-10 बजे के मध्य मां ने खाना खाने के लिए फोन कर इन्हें बुलाया तो वे दोनों आ रहे हैं कहकर घर के लिए निकले कि रास्ते में जश्न रिसोर्ट के आसपास मौत से सामना हो गया। इस घटना ने परिवार पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। परिजन व शुभचिंतक अस्पताल पहुंचे हैं।

### सीमेंट से भरा ट्रक पुल से नीचे गिरा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के पाली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत धौराभांठा पाली-दीपका मुख्य मार्ग पर देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें सीमेंट से भरा ट्रक पुल से नीचे गिर गया और चालक की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब ट्रक बिलासपुर से दीपका की ओर जा रहा था। हादसे की सूचना पाते ही पाली पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को निकालने का प्रयास शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना रात करीब 11 बजे हुई। ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी, और जब वह पुल पर पहुंचा, तो अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट नीचे गिर गया। हादसे के तुरंत बाद, स्थानीय लोग और राहगीर घटनास्थल पर जमा हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने ट्रक मालिक को भी सूचित किया। बताया जा रहा है कि पुल पर न तो रेलिंग थी और न ही कोई सांकेतिक बोर्ड, जिससे चालक को सही रास्ते का अंदाजा नहीं हो पाया और ट्रक सीधे नीचे जा गिरा। यह पुल पहले भी कई बार हादसों का गवाह बन चुका है, जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है और कई लोग घायल हो चुके हैं। कुछ समय पहले भारी बारिश के कारण पुल के ऊपर से पानी बह रहा था, जिसके चलते एक युवक की मौत भी हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पुल पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने मांग की है कि पुल पर तुरंत रेलिंग और सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। इस हादसे ने एक बार फिर पुल पर सुरक्षा इंतजामों की कमी को उजागर कर दिया है। स्थानीय प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वह जल्द ही इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगा ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके और लोगों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# संपादकीय

## पॉक्सो के असर पर बहस

बदलापुर की घटना ने पोक्सो के असर पर बहस छेड़ दी है। बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए ये कानून 2012 में बना था। लेकिन साफ है कि इस कानून पर उचित अमल सुनिश्चित करने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बॉम्बे हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद बदलापुर कांड को लेकर आयोजित विपक्ष का महाराष्ट्र बंद टल गया, लेकिन इस घटना को लेकर राज्य में फैले आक्रोश पर विराम नहीं लगा है। इस घटना से जाहिर हुआ कि स्कूलों में बच्चियों की सुरक्षा आज भी कितनी लचर है। यह टिप्पणी खुद अदालत ने की है कि स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, तो फिर शिक्षा के अधिकार का क्या मतलब रह जाता है। महाराष्ट्र में ठाणे के बदलापुर में स्थित एक स्कूल में प्री-प्राइमरी क्लास में पढ़ने वाली चार साल की दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न होने की खबर आई। बताया जाता है कि ये घटना स्कूल के टॉयलेट में 12 और 13 अगस्त को हुई। यौन उत्पीड़न का आरोप स्कूल में काम करने वाले क्लीनर अक्षय शिंदे पर लगा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने में देरी की। पुलिस ने 16 अगस्त को जाकर एफआईआर दर्ज की। उसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। ये खबर फैलते ही बदलापुर में जन आक्रोश भड़क उठा। हजारों लोगों की भीड़ ने इंसाफ की मांग करते हुए वहां के रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया, जिस वजह से घंटों तक ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया और कुछ लोग गिरफ्तार किए गए, जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस घटना ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेन्स एक्ट (पॉक्सो) के असर पर बहस छेड़ दी है। नाबालिग बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए ये कानून 2012 में बनाया गया था। लेकिन साफ है कि इस कानून पर उचित अमल सुनिश्चित करने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। पॉक्सो बहुत कठोर कानून है, लेकिन ट्रेनिंग और जागरूकता के लिहाज से जो होना चाहिए, वह नहीं हो पाया रहा है। हर ऐसी वीभत्स घटना के बाद अधिक सख्त कानून की मांग उठती रही है। 2012 के बाद ऐसे कई कानून बनाए गए। लेकिन उन कानूनों पर अमल सुनिश्चित ना हो, तो उनकी उपयोगिता क्या रह जाएगी? बदलापुर की घटना ने फिर ये सवाल हमारे सामने ला खड़ा किया है।

# खेलो इंडिया- प्रतिभाओं की पहचान कर भारत के ओलंपिक सपनों को पूरा करना

डॉ. मनसुख मांडविया

पेरिस ओलंपिक 2024 में टीम इंडिया की उपलब्धियां भारतीय दल के समग्र बेहतर प्रदर्शन को दर्शाती हैं। 6 पदकों के



अलावा, हमारे 8 एथलीट चौथे स्थान पर रहे और वे पोडियम फिनिश से बस थोड़े से अंतर से चूक गए। उनमें से पांच का यह पहला ओलंपिक प्रदर्शन रहा। 15 एथलीट अपनी प्रतिस्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे और यह भारत के लिए भी पहली बार ही हुआ। पेरिस ओलंपिक में एक नए और उत्साही भारत का चेहरा दिखा। 117 सदस्यीय भारतीय दल में 28 खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) शामिल थे। भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता अमन सेहरावत और पिस्टल शूटर पदक विजेता सरबजोत सिंह सहित 2700 से अधिक एथलीट खेलो इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा रहे हैं। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 में कई पदक जीते हैं और वह 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स के पहले संस्करण का भी हिस्सा थीं। हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी खेल प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण प्रगति की है और इसका श्रेय काफी हद तक महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया कार्यक्रम को जाता है। 2018 में शुरू की गई यह पहल भारतीय खेलों के लिए परिवर्तनकारी साबित हुई। संभवत: खेलो इंडिया का सबसे महत्वपूर्ण असर यह हुआ है कि भारत की ओलंपिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए यह एक फीडर सिस्टम के तौर पर नजर आया है। कम उम्र में ही प्रतिभाओं की पहचान करके और उन्हें लगातार सहायता प्रदान करके, कार्यक्रम ऐसे एथलीटों की एक श्रृंखला तैयार कर रहा है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। इसके परिणाम पहले से ही दिखने लगे हैं, कई खेलो इंडिया एथलीट ओलंपिक सहित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का समग्र दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि भारत के भावी ओलंपियन पूरी तरह तैयार ऐसे एथलीट हों जो खेलों के दबाव को सहने और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हों। इस कार्यक्रम में न केवल एथलीटों को प्रशिक्षण दिया जाता है, बल्कि प्रत्येक एथलीट को 6.28 लाख रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति के साथ आहार, पोषण, उपकरण और शिक्षा के लिए वित्त पोषण भी दिया जाता है। वास्तव में, हमारे पास पेरिस पैरालिंपिक के 84 पैरा-एथलीटों के दल में से 25 खेलो इंडिया एथलीट भी हैं। खेलो इंडिया गेम्स ने इस योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2018 से अब तक कुल 15 खेलो इंडिया गेम्स आयोजित किए गए हैं जिसमें 6 खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 4 खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 4 खेलो इंडिया विंटर गेम्स और 1 खेलो इंडिया पैरा गेम्स शामिल हैं। इन खेलों से, हमने 1000 से अधिक प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान की है। इसके अलावा, हम जमीनी स्तर के एथलीटों को भविष्य के चैंपियन बनाने के लिए हर संभव बुनियादी ढांचा तैयार कर



रहे हैं। इसके लिए कुल 302 मान्यता प्राप्त अकादमियां, 1000 से अधिक खेलो इंडिया केंद्र, 32 खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस कार्यक्रम की शुरुआत से ही, सरकार ने इसमें लगभग 3,616 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो खेलों के विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 747 जिलों में 1059 खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) अधिसूचित किए गए हैं। ये केंद्र स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें विकास का मौका देने का काम करते हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी संभावित चैंपियन पीछे छूट न जाए, चाहे उनकी भौगोलिक स्थिति या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। इन केंद्रों के जरिए अवकाश ले चुके चैंपियन एथलीटों को आजीविका का एक स्थायी स्रोत भी मुहैया कराया जाता है। इसके अलावा, कार्यक्रम के अंतर्गत 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 32 खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) स्थापित किए हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन केंद्रों में विशिष्ट खेलों में विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है, ताकि एथलीटों को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और कोचिंग मिल सके। इन उत्कृष्टता केंद्रों में विशिष्ट खेलों के अभ्यास के दौरान खेल विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहायता भी प्रदान की जाती है। यह केंद्र खेल उपकरण, उच्च प्रदर्शन प्रबंधकों, प्रशिक्षकों आदि के मामले में कमी को भी पूरा करता है। खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (केआईआरआईटी) कार्यक्रम जमीनी स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। केआईआरआईटी का उद्देश्य पूरे भारत में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं की तलाश करना और लोगों में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम 9 से 18 वर्ष के बीच के स्कूली बच्चों में प्रतिभा की खोज करता है। यह कार्य आधुनिक तकनीक और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का उपयोग करते हुए एक सहज प्रतिभा पहचान प्रणाली के जरिए किया जाता है। इसका उद्देश्य एक ही मंच पर इन प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाना है। अब तक देश भर में 93 स्थानों पर 10 खेलों में लगभग 1 लाख बच्चों का मूल्यांकन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। खेलों में महिलाओं की भागीदारी को विशेष तौर पर प्रोत्साहित करने के लिए, पूरे देश में अस्मिता महिला लीग आयोजित की जा रही हैं। 2021 से अभी तक अस्मिता के चार सत्र आयोजित किए गए हैं, जिसमें 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 20 खेलों में कुल 83615 महिलाओं ने भागीदारी की है। इन लीग में भागीदारी करने वाली महिलाएं चैंपियन बनने की तलुना में कहीं अधिक उपलब्धि हासिल करती हैं। अस्मिता के ये सत्र महिला एथलीटों के लिए न सिर्फ एक सहायक वातावरण बनाते हैं, बल्कि खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा देते हैं और संभावित करियर का मार्ग प्रशस्त करते हैं। खेलो इंडिया ने इस संबंध में जो नींव रखी है, उससे काफी आशा बंधी है। जैसे-जैसे ये युवा एथलीट परिपक्व होते हैं और ऊंचे मुकाम हासिल करते हैं, हमें उम्मीद बंधती है कि खेलो इंडिया के कई और एथलीट ओलंपिक में अपना परचम लहराएंगे। यह कार्यक्रम, युवा एथलीटों के लिए शुरुआती स्तर की भागीदारी से लेकर शीर्ष प्रदर्शन करने तक का एक सुव्यवस्थित मार्ग तैयार कर भारत के खेल भविष्य के लिए उपलब्धि साबित हुआ है। यह भविष्य के ओलंपिक चैंपियन तैयार कर रहा है।

(लेखक केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल और श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं)

## आलेख

# जाँच एजेंसियों पर दुरुपयोग का आरोप

रजनीश कपूर

मोदी राज में यह चमत्कार हो रहा है कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों पर तो प्राथमिक कार्यवाही भी नहीं होती किंतु विपक्ष के नेताओं पर हवा की गति से कार्यवाही होती है। कई मामलों में तो केवल गवाह के बयान पर ही मुख्य मंत्री और बड़े-बड़े नेताओं को सीखचों के पीछे महीनों और सालों के लिए डाल दिया जाता है। यह आश्चर्यजनक है। हाल ही में सरकार की इस प्रवृत्ति पर कुछ रोक लगती नज़र आई है। सन् 2014 से नरेंद्र मोदी ने जब देश के प्रधानमंत्री बनने की तैयारी में अपना प्रचार अभियान शुरू किया था तो भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनका आह्वान था, न खाऊँगा और न खाने दूँगा। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद इसका असर भी फ़ौरन दिखाई दिया। केंद्र सरकार की नौकरशाही में यह संदेश गया तो ऐसा लगा जैसे अब जल्दी ही लाल फ़ीताशाही ख़त्म होगी। पर जैसे-जैसे समय बीतता गया, ये शुरुआती लक्षण ठंडे पड़ते गये। हालाँकि मोदी जी दो बार अपने बूते पर और तीसरी बार अन्य दलों की मदद लेकर सरकार की तीसरी पारी खेल रहे हैं। पर इन वर्षों में जिस बात ने सभी को चौंकाया है वो यह है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध मोदीजी का यह अभियान केवल विपक्षी दलों तक ही सिमट कर रह गया है। उनमें से भी भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे जिस विपक्षी दल के नेता मोदी जी और अमित शाह के शरणागत हो जाते हैं उनके सौ खून भी माफ़ कर दिये जाते हैं। इतना ही नहीं उन्हें संसद या मंत्री बना कर पुरुस्कृत भी किया जाता है। और इसके चलते मोदी सरकार की घर-घर बदनामी है। न सरकार की साख बची है और न जांच एंजेसियों की। मोदी-शाह की इस रणनीति के हथियार बने हैं केंद्रीय जाँच एजेंसियाँ, जो लगातार 'हिज़ मास्टर्स वॉइस' की तर्ज़ पर काम कर रही हैं। इसलिए लगातार विपक्ष उन पर जाँच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रहा है, संसद में भी और संसद के बाहर भी। वैसे तो सीबीआई, आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय की छवि बड़े-बड़े मामलों को लम्बा खींचने या दबाए रखने की है। पर मोदी राज में यह चमत्कार हो रहा है कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों पर तो प्राथमिक कार्यवाही भी नहीं होती किंतु विपक्ष के नेताओं पर हवा की गति से कार्यवाही होती है। कई मामलों में तो केवल गवाह के बयान पर ही मुख्य मंत्री और बड़े-बड़े नेताओं को सीखचों के पीछे महीनों और सालों के लिए डाल दिया जाता है। यह आश्चर्यजनक है। हाल ही में सरकार की इस प्रवृत्ति पर कुछ रोक लगती नज़र आई है। बीते कुछ महीनों में जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के कई मामलों पर देश की जाँच एजेंसियों और सरकार को आड़े हाथों लिया है उससे यह संदेश गया है कि जाँच एजेंसियाँ राजनैतिक दबाव में काम कर रहीं हैं, निष्पक्षता से क़ानून के दायरे में नहीं। मान्य सिद्धांत यह है कि आरोपी चाहे किसी भी दल या विचारधारा को क्यों न हो, यदि उसने अपराध किया है तो उसकी जाँच निष्पक्षता से ही की जानी चाहिए। बेवजह किसी भी आम या ख़ास अपराधी को क़ानून की ग़लत धारा लगा कर जेल में रखना ग़लत है। उसी तरह किसी ख़ास रुतबे वाले कुख्यात अपराधी को भी क़ानून की धाराओं का ग़लत इस्तेमाल कर पैरोल दिलवाना भी ग़लत है। ज़ाहिर सी बात है कि जाँच एजेंसियों द्वारा ऐसी ग़लतियाँ बिना किसी दबाव के नहीं होती। ताज़ा उदाहरण दिल्ली शराब नीति घोटाले का है। जिस तरह शराब नीति घोटाले को लेकर आरोपी नेता एक के बाद एक ज़मानत पर छूट रहे हैं उससे जाँच एजेंसियों की 'जाँच' को लेकर सवाल उठ रहे हैं। चुनावों से पहले और चुनावों के दौरान यह माहौल बनाया जा रहा था कि इन नेताओं का अपराध काफ़ी संगीन है, इसीलिए इन्हें ज़मानत नहीं मिल रही। परंतु लंबे समय तक कछुए की चाल चल रही इस मामले की 'जाँच' ने इन एजेंसियों की क्षमता को शक के घेरे में अवश्य खड़ा कर दिया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख़ और सख़्त आदेश के बाद जाँच एजेंसियों द्वारा अपनाए गए दोहरे मापदंड का भी पर्दाफ़ाश हुआ। यदि जाँच एजेंसियाँ सभी आरोपियों को एक ही पैमाने से माँपेंगी तो जनता के बीच सही संदेश जाएगा, सिसोदिया हो, केजरीवाल हो, संजय राउत हो, या अन्य कोई आम आदमी, क़ानून की नज़र में सभी एक समान हैं। पर यह भी विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने इन वीआईपी आरोपियों के मामले में ये रुख़ पहले क्यों नहीं अपनाया?

# भारतीय संस्कृति की वाहक है लोकगाथाएं

प्रो. साकेत कुशवाहा

लोककथाएं और लोकपरम्पराएं किसी भी सभ्यता और संस्कृति की अभिव्यक्ति होती है क्योंकि इनके माध्यम से पूर्ववत चली आ रही सामाजिक धरोहर को आगामी पीढ़ी को कई गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है । भारत लोककथाओं से सम्पन्न देश है जिसमें प्रत्येक क्षेत्र और उस क्षेत्र के निवासियों की अलग-अलग लोककथाएं है जिनका स्मरण और संरक्षण करना आवश्यक है । लोक कथाएं वो कहानियाँ होती है जिनका निर्माण और उत्पन्न स्थान बात पाना कठिन होता है क्योंकि ए कथाएं पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहती है । लोक संस्कृति में व्याप्त लोकगीत, लोकनृत्य, लोकगाथा, लोककथा जनजातियों के प्रतिरूप है। जिसके द्वारा जनजातियों का परिचय स्वभाविक रूप से हो जाता है। जनजातियों में प्रचलित लोक कथाएं जनजातीय संस्कृति के दर्पण है। जिसमें उनकी संस्कृति, परम्परा, खान-पान, रहन-सहन, तीज-त्यौहार और प्रकृति के साथ उनके जुड़ाव को आसानी से देखा जा सकता है। लोककथा का विकास मानव के जन्म के साथ ही प्रारंभ हुआ होगा। वर्तमान समय में भी लोककथा वाचिक परम्परा से ही प्राप्त होती है। खेतों में कार्य करते हुए कृषक महिला एवं पुरुष श्रम परिहार के लिए लोककथाओं का सहारा लेते हैं। लोक कथा कथक्कड़ की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। गाँव में फुर्सत के क्षणों में किसी घर के बरामदे या सार्वजनिक चौपाल में भी लोक कथाओं को बहुत उत्साह से सुनते हुए आनन्द उठाते हैं तथा घरों में रात्रि के समय छोटे-छोटे बच्चे अपने दादा-दादी के पास रहते हुए भी लोककथाओं को मौखिक रूप से सुनते हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी अनवरत् चली आ रही है। डॉ. नत्थू तोड़े की पुस्तक 'बस्तर की लोककथा: सांस्कृतिक आयाम' में भी बस्तर के जनजातियों में प्रचलित मौखिक परम्परा से चली आ रही लोककथाओं का दर्शन होता है। बस्तर की जनजातियों में प्रचलित सभ्यता एवं संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। इस पुस्तक के अध्ययन से जनजातियों की धार्मिक आस्था, लोक विष्वास एवं लोक परम्पराओं की भिन्न-भिन्न विषेशताओं को जाना एवं समझा जा सकता है। डॉ. नत्थू तोड़े अपनी पुस्तक में बस्तर के प्रमुख जनजातिय निवासी गोंड़, हल्बा, भतरा, गदबा, धुरूवा, माड़िया एवं मुरिया के सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना को उनमें प्रचलित लोक कथाओं के माध्यम से उद्धृत करने का प्रयास किया है। तकनीकी प्रधान दुनियाँ में इनका प्रभाव कम होता जरा है । अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा राज्य है और पूरे देश में सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक है। राज्य में कई खूबसूरत आकर्षण हैं। वन्यजीवों को देखने से लेकर आध्यात्मिक तीर्थस्थलों में प्रार्थना में भाग लेने तक, अरुणाचल प्रदेश में करने के लिए बहुत सी चीज़ें हैं । इसके अलावा, यह राज्य अपनी समृद्ध आदिवासी संस्कृति और परंपरा के लिए भी जाना जाता है। यहाँ अरुणाचल प्रदेश की जनजातियों और परंपराओं के बारे में वह सब कुछ बताया गया है जो आपको जानना चाहिए और यह भी कि कैसे प्रत्येक आदिवासी समुदाय ने अपनी संस्कृति बनाई। अरुणाचल प्रदेश में करीब 26 जनजातियाँ हैं, जिनमें 100 से ज़्यादा उप-जनजातियाँ हैं। इनमें से मुख्य जनजातियाँ हैं आदिस, अपटानी, बुगुन, ह्रुसोस, सिंगफोस, मिशमी, मोनपा, न्यिशिस, शेरडुकपेन्स, टैगिन्स, खमटिस, वांचो, नोक्टेस, योबिन, खंबास और मेम्बास। हालाँकि, प्रत्येक जनजाति के बारे में ज़्यादा जानने का सबसे अच्छा तरीका एक टूर लेना है जहाँ गाइड आपको प्रत्येक जनजाति की उत्पत्ति और संस्कृति के बारे में बताएगा। इन आदिवासी लोगों में ऐसा क्या अनोखा है? अपनी संस्कृति में महारत हासिल करने के अलावा, ये लोग टोकरियाँ बनाना, बुनाई, लोहार का काम, मिट्टी के बर्तन बनाना, लकड़ी की नक्काशी, पेंटिंग और बहुत कुछ जैसे कौशल में भी माहिर हैं। अरुणाचल प्रदेश में गालो जनजाति पोपिर नृत्य से नृत्य के लिए प्रसिद्ध है। लोकप्रिय नृत्य जनजातियों की विशेषता है और दर्शकों को यह नृत्य जरूर देखना चाहिए। यह मुख्य रूप से महिला सदस्यों द्वारा किया जाता है। उनका नृत्य एपी में देवी मोप को शीर्ष श्रद्धांजलि है, ऐसा माना जाता है कि यह समृद्धि और उर्वरता की देवी है। एक समय की बात है, अरुणाचल प्रदेश की हरी-भरी घाटियों और बर्फ से ढकी चोटियों पर मोनपा नामक एक जनजाति रहती थी। वे एक शांतिपूर्ण और घनिष्ठ समुदाय थे, जो प्रकृति और आध्यात्मिक दुनिया से गहराई से जुड़े हुए थे। उनकी कहानियों और किंवदंतियों में से एक सबसे अलग थी - न्येथरी और पवित्र पर्वत की कहानी।आज टेलीविज़न की अलग ही धूम है7लोगों के दिलों पर इसी का राज है7इसने अपना अलग ही महत्त्व बना रखा है7लोग अपनी भावनाओं के साथ इस से जुड़े हुए हैं7इसके सामने दुसरे माध्यम फीके पड़ गए हैं7चूँकि इस माध्यम में समाचार या सूचनाओं का आदान-प्रदान द्रश्य-श्रव्य माध्यम द्वारा होता है इसलिए लोगों पर इसका ज्यादा प्रभाव पड़ता है7इस में कोई शक नहीं की आज टेलिविजन लोगों के जीवन का एक अंग बन चूका है।तमाम माध्यमों के बीच इसको प्राथमिक हैसियत हासिल है7अब तो नेशनल और क्षेत्रीय सभी भाषाओँ में चैनल पर्याप्त हैं7अनेक भाषाओँ और अनेक प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाते हैं7समाचार ,फिल्म ,डाक्युमेंट्री, डाक्युड्रामा, रियलिटी शो, टॉक शो, मनोरंजकपरक कार्यक्रम, खेल, भूगोल, इतिहास, धर्म, साहित्य, राजनीतिक कार्यक्रम और धरावाहिक आदि से संबंधित कार्यक्रम विभिन्न चैनलों पर प्रस्तुत किया जाता है7 उनमे लोककथाओं का प्रदर्शन और प्रभाव कम रहता है । अरुणाचल में बहुत से ऐसे लोक कथाएं प्रचलित है जिनका एक वैज्ञानिक ढांचा है और जो आधुनिक सभ्यता को भी आकर्षित करती है । इस प्रदेश में डोनी-पोलोइज़्म (सूर्य-चंद्रमा) आदिवासियों के बीच प्रकृति और सद्भाव के संतुलन को बनाए रखने का दर्शन है।

# ममता का बंगाल और बेखौफ अपराधी

कुलदीप चंद अग्निहोत्री


दरअसल ममता जानती हैं कि बंगाल सरकार के सभी अवरोधों के चलते भी सीबीआई पर्दे के बाहर के और पर्दे के अंदर के अपराधियों को ही पकडने का प्रयास कर रही है। उसी से ध्यान बंटाने के लिए ममता अपने पुराने घिसे पिटे हथकंडे अपना रही हैं कोलकाता के आरजी कर राजकीय अस्पताल में एक डाक्टर के साथ बलात्कार के बाद उसकी अमानुषिक ढंग से हत्या कर दी गई। ऐसा जघन्य कार्य किसी भी प्रदेश में हो सकता है और इससे पहले हुआ भी होगा। लेकिन अन्य स्थानों पर हुए इस प्रकार के जघन्य अपराध और कोलकाता में हुए इस जघन्य अपराध के बीच एक बहुत बड़ा अंतर है। वह अंतर यह है कि ममता बनर्जी की पश्चिम बंगाल सरकार हर हालत में अपराधियों के साथ और उनको किसी भी तरह बचाने का प्रयास कर रही है। सरकार का काम अपराधियों को दंड देना और नागरिकों के जान और माल की रक्षा करना है। लेकिन पश्चिम बंगाल में सरकार अपराधियों के जान-माल की सुरक्षा के लिए तत्पर और महिला डाक्टर की जघन्य हत्या को आत्महत्या कह कर कूड़ेदान में डाल देने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, जब हत्या का हल्ला पडने लगा तो बंगाल सरकार को सबसे पहली यह चिंता हुई कि किसी तरह से घटना के स्थान से बलात्कार और हत्या के सबूतों को खत्म कर दिया जाए। सरकार इसके लिए बाकायदा किसी पुलिस वाले की ड्यूटी को लगा नहीं सकती थी। इस काम के लिए आनन फानन में लगभग सात हजार लोगों की भीड़ एकत्रित की गई जिसने अस्पताल पर धावा बोल दिया। पुलिस मूकदर्शक बन कर तमाशा देखती रही। नाटक को विश्वसनीय बनाने के लिए इक्का दुक्का पुलिस के सिपाहियों पर भी हमला कर दिया गया ताकि नाटक में यह भाव आए कि पुलिस उपद्रवियों की भीड़ को रोकती रही, लेकिन स्थिति उसके नियंत्रण से बाहर हो गई। इस तथाकथित नियंत्रण से बाहर हुई भीड़ ने उस सेमिनार हाल पर हमला कर दिया जहां उस अभागी डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। मेडिकल संस्थान ने तो उससे भी ज्यादा फुर्ती दिखाई। उसने उस सेमिनार हाल के कुछ हिस्से को गिरवाकर, उस हाल का नवनिर्माण अभियान चला दिया। लेकिन अब तक संस्थान के डाक्टर अपनी एक सहयोगी डाक्टर की इस अमानवीय हत्या के खिलाफसडकों पर निकल चुके थे। अब तक कालेज के निदेशक डा. संदीप घोष पर चारों ओर से शक की सूईयां घूमने लगी



थीं। भ्रष्टाचार से लेकर अस्पताल में लावारिस लाशों की बिक्री तक के चर्चे मीडिया में आने शुरू हो गए। यह सबको पहले से ही पता था कि घोष बाबू तृणमूल कांग्रेस में भी सक्रिय रहते ही हैं। लेकिन वही घोष बाबू अब तृणमूल कांग्रेस की सक्रियता के साथ साथ घटनास्थल सेमिनार हाल के कुछ हिस्से को तोडने के काम में भी सक्रिय हो रहे थे। तृणमूल और घोष बाबू दोनों समझ गए थे कि हालात जिस मोड़ पर पहुंच गए हैं, वहां उनका इस अस्पताल में रहना मुमकिन नहीं रहा। लेकिन ममता की ममता की दाद देनी होगी कि उन्होंने उसे तुरंत दूसरे मेडिकल कालेज का प्रिंसिपल बना दिया। एक रहस्य अभी तक नहीं सुलझ पाया कि आनन फानन में बलात्कार स्थल पर हजारों लोगों की भीड़ किसने और कैसे इकट्ठी की। इतना तो निश्चित है कि बलात्कार और हत्या का दोषी संजय राय अपने बलबूते इतने कम समय इतनी आक्रामक भीड़ इकट्ठी नहीं कर सकता था। यकीनन इस भीड़ को बुलाने वाला गैंग कोई और था। लेकिन यह गैंग अपराध के सभी सबूत खतरा लेकर भी क्यों मिटाना चाहता था? इस गैंग का संजय राय से क्या संबंध है? पुलिस ने किसके आदेश पर गैंग को बेखौफहोकर काम करने दिया? यहां तक कि पुलिस पिटती रही लेकिन उसने प्रतिकार नहीं किया। पुलिस को यह आदेश प्रिंसिपल संदीप घोष तो नहीं दे सकता था। इतनी बड़ी उसकी औकात नहीं थी। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि भीड़ इकट्ठी करने वाला गैंग और प्रिंसिपल घोष बाबू दोनों ही किन्हीं कारणों से अपराधी संजय राय को बचाने का प्रयास कर रहे थे। किन्हीं बड़े कारणों या स्वार्थों के कारण ही ऐसा सम्भव है। इसलिए प्रश्न उठता है कि ऐसे कौन लोग हैं जिनके स्वार्थ संजय राय को बचाने में हो सकते हैं? संजय राय की गतिविधियां इस मेडिकल कालेज तक ही सीमित थीं। इसलिए जाहिर है कि वे स्वार्थ अस्पताल के अंदर ही हो सकते हैं। इस मोड़ पर प्रिंसिपल संदीप घोष शक के घेरे में आता है। लेकिन यहीं मामला समाप्त नहीं होता। ममता बनर्जी संदीप घोष को बचाने की कोशिश करती दिखाई दे रही हैं। वे उसे विवादग्रस्त अस्पताल से पदमुक्त होने पर तुरंत दूसरे विख्यात अस्पताल में नियुक्त कर देती हैं। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी बाकायदा सडक् पर जुलूस निकालती हैं। यह जुलूस परोक्ष रूप से उनके खिलाफ था जो प्रिंसिपल को सजा देने और उसके घपलों और आचरण की जांच की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि महिला डाक्टर को जो बलात्कार और हत्या के रूप में सजा दी गई, उसके तार कहीं न कहीं अस्पताल के घोटालों से जुड़े हैं। यह प्रश्न सचमुच आश्चर्यचकित करता है कि बंगाल में जब भी कहीं महिलाओं से बलात्कार का

### प.पू. चर्या शिरोमणी दिगम्बराचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन में कहा

## 'तन का श्रृंगार मत करो, चेतन को निर्मल करो'



**नांदणी ( विश्व परिवार )।** अंतिम तिर्थेश वर्धमान स्वामी के शासन में हम सभी विराजते हैं। तीर्थंकर भगवान की पीयूष देशना जिनेंद्रवाणी जगतकल्याणी है। यह सर्वज्ञशासन, नमोस्तुशासन जयवन्त हो। जयवन्त हो वितरागी श्रमणसंस्कृती।

प. पू. चर्या शिरोमणी दिगम्बराचार्य गुरुवर श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ने धर्म सभा में मंगल प्रवचन करते हुए कहा कि व्यक्ति जीवन में सबसे अधिक जड़-शरीर की देख-भाल करता है, इस देह को सुंदर और पुष्ट करने के लिए कुछ भी अनर्थ करने को तैयार हो जाता है। जबकि शरीर की राख की होने वाली है। जिसकी राख होने वाली है, उसके लिए हम अपने जीवन को मिटा रहे हैं।

आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी ने कहा कि शाश्वत सुख पाने को एक-एक क्षण मूल्यवान है। मनुष्य भव अत्यंत दुर्लभ है। तन का श्रृंगार मत करो, चेतन को निर्मल करो। चित्त की निर्मलता भविष्य में पवित्र भव को प्रदान करती है। कर्म सिद्धांत बहुत विचित्र व बलवान है। कर्म किसी को नहीं छोड़ता है। कर्म के वेग में बड़े- बड़े सम्राट भी परास्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है, इसे पहचानो। जीवन के पथ पर सँभल-संभल कर आगे बढ़ो। एक जीवन वह है जो पुल रहा है, एक जीवन वह है जो तिरस्कार को प्राप्त हो रहा है। एक पाषाण वह है जिससे परमात्मा की प्रतिमा बन रही है और एक पाषाण वह है जिसे सीढ़ियों पर लगाया जा रहा है।अहो ! एक फूल अर्थी पर फेंका जाता है, एक फूल किसी सुन्दरी के गले में शोभायमान हो रहा है और एक फूल प्रभु के चरणों में चढ़ाया गया है। समझो, जहाँ कभी पूरा था वहाँ भी महल बन जाते हैं। जो कुछ हो रहा है, उसे तटस्थ भाव से स्वीकारो। राग-द्वेष-मोह की मदिरा का त्याग करो।

दशलक्षण धर्म तो आत्मा का धर्म है। जिसके माध्यम से आत्मा पवित्र हो, उसका नाम पर्व है। दोषों का भाव हो, गुणों की प्राप्ती हो, इसका नाम पर्व है।

उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन और ब्रह्मचर्य की आराधना करना ही दशलक्षण अथवा पर्युषण पर्व है। आत्मतत्त्व की शुद्धी, स्वात्मानुभूती, स्वात्मोपलब्धी का कोई साधन है तो वह धर्म है दशलक्षण धर्म का प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म है।

उत्तम क्षमा धर्म- बहिरंग शत्रुओं को जन्म देने वाले भी अंतरंग शत्रू ही हैं। अंतरंग में कषायिक भाव उत्पन्न न हों तो अन्य किसी के प्रती क्रोधादी प्रकट न करें। दुसरे के प्रती जो अशुभ-भाव उत्पन्न होता है, उन्हीं भावनाओं से उत्प्रेरित भिन्न-जन शत्रूता का व्यवहार करने लगते हैं। सर्वप्रथम स्व के अंदर कालुष्य- भावना का आभाव करना होगा, क्योंकी कालुष्यता की अनुत्पत्ती क्षमा है, परकृत कष्ट देने पर भी जो पर को कष्ट देने के भाव ही न लाए वही उत्तम क्षमा धर्म है। क्रोध का अभाव जहाँ होगा, वही क्षमा-धर्म होगा। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## दर्शन विशुद्धीभावना से सम्यक दर्शन प्राप्त होता है रत्नत्रय धर्म मोक्ष मार्ग का आधार है : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज



**पारसोला ( विश्व परिवार )।** पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमानसागर जी महाराज संघ सहित पारसोला तहसील धरियाबाद में 56वां वर्षायोग संघ सहित कर रहे हैं। आचार्य श्री के सानिध्य में प्रतिदिन श्री जी का पंचामृत अभिषेक एवं अन्य धार्मिक क्रियाएं होती हैं आज की प्रवचन सभा में आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने 16 कारण भावनाओं पर चर्चा करते हुए उनकी विवेचना की। आचार्य श्री ने बताया कि दर्शन विशुद्धी से मोक्ष मार्ग की प्रभावना होती है सम्यक दर्शन देव ,शास्त्र, गुरु के प्रति श्रद्धा से होता है। सम्यक दर्शनमोक्ष मार्ग का कारण है, दर्शन विशुद्धता से सम्यक दर्शन होता है। वर्तमान में लौकिक शिक्षा के लिए व्यक्ति बड़े-बड़े महानगरों में जाता है वहां जाकर भी बालकों को संस्कारित रहना जरूरी है उनमें धर्म के संस्कार जरूरी है, उन्होंने घर को नहीं भूलना चाहिए क्योंकि घर से सुख शांति मिलती है यहां घर से आशय शाश्वत मोक्ष से है अनादि काल से यह जीव संसार की अनेक गतियो में भ्रमण कर रहा है आकुलता के कारण उसे शांति नहीं मिल रही है आचार्य श्री ने सम्यकदर्शन , सम्यकज्ञान, सम्यकचारित्र ,धर्म को राष्ट्रीय राजमार्ग हाईवे निरूपित करके बताया कि इस राजमार्ग से सिद्धालय की प्राप्ति होती है इस मोक्ष मार्ग को प्राप्त करने के लिए दुर्लभ मनुष्य पर्याय मिली है। सम्यकदर्शन अर्थात समिचिन धर्म का मार्ग होता है। आत्मा की प्रभावना सम्यकदर्शन, रत्नत्रय धर्म से होती है। प्रभावना में विकृति नहीं आना चाहिए । ऋषभ पचोरी अध्यक्ष चातुर्मास समिति रितिक एवं राजेश पंचोलिया ने बताया कि आचार्य श्री ने प्रभावना प्रतीक निकाले जाने वाली जैन धर्म की रथयात्रा शोभायात्रा में चप्पल जूते पहनने पर चिंता व्यक्त की आचार्य श्री ने बताया कि आप लोगों का शरीर के प्रति ममत्व बढ़ता जा रहा है जबकि साधु सभी ऋतुओं में पैदल बिहार करते हैं । श्रावकों द्वारा अर्जित किया जाने वाला अर्थ धन का दुरुपयोग नहीं करते हुए सदुपयोग करना चाहिए। आचार्य श्री ने जयपुर के श्रावक का उदाहरण बताया कि रत्न के जैन व्यापारी द्वारा प्रथम शीला पत्थर से श्रीजी जिनेंद्र भगवान की प्रतिमा बनाई जाती है और इस प्रकार उस व्यक्ति ने 400 रत्नौ की प्रतिमा बनाकर श्री अतिशय क्षेत्र महावीर जी में ध्यानमंदिर में दान की। जिनकी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा विगत वर्ष हमारे संघ सानिध्य में संपन्न हुई। आचार्य श्री ने 16 कारण भावनाओं के बारे में बताया कि दर्शन विशुद्धि भावना, विनय सम्पन्नता ,शील, संवेग,,साधु समाधि, तप, त्याग आदि भावना से भव का नाश होता है । क्योंकि 16 कारण भावना से ही तीर्थंकर प्रकृति का बंध होता है। जयंतीलाल कोठारी अध्यक्ष जैन समाज ने बताया कि बाहर से आए अतिथियों और समिति के सदस्यों द्वारा श्री जी और पूर्वाचार्यों के चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन कर आचार्य श्री के चरण प्रक्षालन कर जिनवाणी भेंट की गई। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के 75 वे जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में हीरक जन्म जयंती वर्ष 10 सितंबर को पारसोला समाज द्वारा मनाया जाएगा।

**-राजेश पंचोलिया**

## निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा- पुण्यहीन को गले लगा ले वो महाभाग्यशाली पुण्यवान होता है

**सागर ( विश्व परिवार )।** भाग्योदय तीर्थ पर अपने मंगल प्रवचन देते हुए निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज ने अपने मंगल



प्रवचन देते हुए कहा कि ऊँचा उठने के लिए ऊँचा देखना जरूरी नहीं है, ऊँचा उठने के लिए नीचे देखना जरूरी है। जो ऊँचे उठना चाहते हैं वह जितना नीचे देखकर चलेंगे, उतना ही ऊँचाइयों पर पहुँचने की गुंजाइश रहेगी। उन्होंने कहा नीच बनना नही है, नीचे देखना है। कीड़े मकोड़े बनना नहीं है, कीड़े मकोड़े को देखना है। महावीर के दर्शन से ज्यादा महत्वपूर्ण है तुच्छ, निकृष्ट जीवों को देखना। सर्वश्रेष्ट बनने के लिए यदि हम सर्वश्रेष्ठ को देखेंगे तो मात्र भक्त बन पायेंगे और सर्वश्रेष्ट बनने के लिए हम नीचे पुण्यहीन तुच्छ जीवों को देखेंगे तो भगवान बन जायेंगे।

जैनकुल में जन्म लेने वाला जिंदगी में हजारों बार अपने आप को भाग्यशाली मानता है, मैं कितना भाग्यशाली हूं कि मेरा जन्म भारत में हुआ, मनुष्य बना, उसमे भी जैन बना, ऐसे माता-पिता मिले, अच्छा कुल, आचार्य श्री जैसे गुरु मिले यह सब भाग्यशालियों की लिस्ट पड़ी है। इससे बड़ा भाग्यशाली कौन है वो व्यक्ति अपने को पुण्यवान माने और किसी नीच को पुण्यवान बनाने का भाव जाग जाए, वो उससे बड़ा भाग्यशाली है। सबसे बड़ा भाग्यशाली है कि पुण्यहीन को ठोंकर दुनिया मारती है, पुण्यहीन से घृणा दुनिया करती है, पुण्यहीन को गले लगा ले वो महाभाग्यशाली पुण्यवान होता है। सारी दुनिया ने भक्ति का अंतिम लक्ष्य बनाया कि मुझे भगवान की, गुरु की सेवा करने का मौका मिलना चाहिए, बस इससे आगे कुछ नही। बस जैनदर्शन कहता है कि- नहीं, मुझे आप जैसा बनने का मौका मिलना चाहिए। महावीर स्वामी का विश्व में मात्र एक दर्शन है, जिस पद पर महावीर स्वामी बैठे हैं, जो व्यक्ति उनके पद का दावेदार है, वही महावीर की पार्टी का व्यक्ति है। आजादी के बाद भारत में राजतंत्र नहीं प्रजातंत्र चाहा और प्रजातंत्र का मूल संस्थापक है जैनधर्म, किसी भी दर्शनकार में नहीं था कि प्रजातंत्र भी कोई चीज होती है, हर व्यक्ति एक ही बात कहता है राजतंत्र एक ही शक्ति है जो सर्वदृष्टा है, सर्वकर्ता है। विनाश करेगा तो वही विकास करेगा तो वही। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## आत्मोल्लास चातुर्मास की प्रवचनमाला में मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी ने कहा- जीव का सबसे बड़ा शत्रु कर्म है



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 की प्रवचनमाला जारी है। सोमवार को तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने कहा कि जीव का सबसे बड़ा शत्रु कर्म है। इस सबसे बड़े शत्रु को परास्त करना है तो इसके घर में घुसकर सब ध्वस्त करना पड़ता है। जैसे रामचंद्रजी लंका पर विजय प्राप्त कर सके,इसका कारण था कि लंका पति रावण का भाई विभीषण रामचंद्रजी के पक्ष में था। इस धरती पर जितने भी प्राणी है वह सब अपने-अपने संचित कर्मों के कारण ही संसार में चक्कर लगा रहे हैं। अपने किए कर्मों के अनुसार भिन्न-भिन्न योनियों में जन्म लेते हैं और किए हुए कर्मों का फल भोगे बिना प्राणी का छुटकारा नहीं होता।

मुनिश्री ने कहा कि स्वाध्याय जरूरी है। धर्म ग्रंथों का अध्ययन जरूरी है। ज्ञान बढ़ाने की उदासीनता नहीं,ज्ञान बढ़ाने के प्रति उल्लास होना चाहिए। तप के लिए जैसे उल्लास होता है वैसे ज्ञान के लिए भी उल्लास होना चाहिए। ग्रंथों को शो-पीस के लिए नहीं समझों, उन्हें सजाकर नहीं रखो,ज्ञान के लिए पढ़ो। हमेशा नया-नया ज्ञान जीवन के अंदर लाना चाहिए। जैसे आप एक ही एक मूवी को बार-बार देखना पसंद करते हो वैसे ही ज्ञान बढाने के लिए ग्रंथ को भी बार-बार पढ़ना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि स्वाध्याय इसलिए बहुत जरूरी है कि तब तक नया ज्ञान पाठ शुरू नहीं करना चाहिए जब तक पिछला कंठस्थ ना हो जाए। एक गाथा का स्तवन आप रोज करो और रोजाना ऐसा ही करते रहो,साल भर में आपको ना जाने कितने स्तवन पक्के हो जाएंगे। जैसे आप अपने घर को पुन: बनवाते हो तो उस घर को छोड़कर दूसरे घर में जाते हो, न जाने कितनी तैयारी करते हो, वैसे ही पर गांव, परदेश में जाते हो तो न जाने कितनी कितनी तैयारी करते हो, वैसे ही आपकी परलोक के अंदर जाने की कितनी तैयारी है ?

मुनिश्री ने शुद्ध भक्ति की बात को आगे बढाते हुए कहा कि आप ज्ञान पंचमी के दिन ज्ञान की पूजा करते हो, ज्ञान के उपकरण आप चढ़ाते हो,वह द्रव्य शुद्ध भक्ति है। भाव शुद्ध भक्ति के अंदर क्या अपना समय निकालकर ज्ञान भंडार को संवारने का कार्य करते हो ? पुस्तक पत्रों को व्यवस्थित करते हो ? बहुत से महात्मा ज्ञान भंडार को सजा संवार रहे हैं। आज डिजिटली बहुत सी पुस्तकों को व्यवस्थित कर रहे हैं। आज साधु भगवंतों को यदि कोई किताब की जरूरत है तो सूचना भेजने पर तुरंत प्राप्त हो जाती है। ऐसी व्यवस्था गुजरात के अंदर की जा रही है। मुनिश्री ने कहा कि आपके घर के अंदर बहुत अच्छा ज्ञान भंडार होगा और पुस्तक खूब होगी लेकिन वर्ष के अंदर कितनी बार उसका परिमार्जन होता है। कारण है कि ज्ञान की रुचि कम हो गई है। आपके पास शक्ति हो तो आप भी ज्ञान भंडार को सजाने संवारने और परिमार्जन का कार्य करो।

पर्युषण के प्रथम तीन दिन श्रावकों के लिए कर्तव्य होते हैं। परमात्मा के शासन को चलाने की परंपरा के श्रृंखला में आचार्य लक्ष्मी सुरीश्वर जी महाराज ने प्रवचन की एक व्यवस्था की। कौन से कर्तव्य ऐसे हैं जो जीवन में एक बार करना चाहिए। कौन से कर्तव्य ऐसे हैं जो वर्ष में एक बार करना चाहिए। कौन से कर्तव्य जो पर्युषण के अंदर करने चाहिए और कौन से कर्तव्य ऐसे हैं जो दैनिक है। ऐसे 40 कर्तव्यों की बात आचार्य लक्ष्मी सूरीश्वर जी महाराज ने की है।

## सुई की तरह जोड़ने का काम करें कैंची तो काटने का काम करती है : साध्वी सुमंगल प्रभा जी




**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** आज पर्यूषण पर्व का दूसरा दिवस था आज की धर्म सभा पारिवारिक रिश्तों पर केंद्रित थी आज महिला वर्ग रानी कलर की साड़ी पहनकर धर्म सभा में उपस्थित थी वहीं पुरुष वर्ग सफेद परिधान सामयिक वेशभूषा पर धर्म सभा की शोभा बढ़ा रहे थे।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी शुभ मंगल प्रभा ने कहा कैसा हो अपना परिवार विषय पर अपनी बात रखी परिवार चार परिवार तरह के होते हैं संयुक्त संयुक्त, संयुक्त विभक्त, विभक्त संयुक्त, विभक्त विभक्त संयुक्त परिवार में एक साथ रहना एक छत के नीचे भोजन करना बैठना और अपने सुख-दुख आपस में बांटना यह संयुक्त परिवार की परिभाषा है दूसरा परिवार होता है संयुक्त विभक्ति परिवार के सदस्य साथ तो रहते हैं पर आपसी मन वचन वचन आपस में मिल नहीं खाता है जिससे साथ रहते हुए भी दूरियां बन रहती है।

विभक्त संयुक्त परिवार अलग-अलग रहते हुए भी समय-समय पर एक साथ हिल मिलकर रहना एक संयुक्त परिवार की निशानी है जैसे एक पिता के चार पुत्र हैं चारों पुत्र अलग-अलग रहते हैं लेकिन जब भी कोई कठिनाई होती है तो परिवार के प्रत्येक सदस्य एक हो जाते हैं यह विभक्ति संयुक्त परिवार होता है साध्वी सुमंगल प्रभा ने धर्म सभा में इस विषय पर श्रमण संघ का उदाहरण देते हुए कहा श्रमण संघ में अनेक विचारधारा के आचार्य ने अपने पद का त्याग कर एक परिवार बनाया जिसे हम श्रमण संघ के नाम से जानते हैं अलग-अलग विचारधाराओं के आचार्य ने अपने पद का त्याग कर श्रमण संघ की स्थापना भी यह विभक्त संयुक्त परिवार का एक शानदार उदाहरण है।

साध्वी जी ने कहा परिवार में प्रतिदिन चार पर्व हमेशा मनाया जाना चाहिए ईद होली दीपावली और संवत्सरी पर्व का उदाहरण दिया परिवार को नंदनवन बनाना हो तो हमें समूह में भ्रमण समूह में भोजन समूह में भाषण और समूह में भजन की क्रिया को जीवन में चरितार्थ करना होगा। साध्वी श्री ने कहा परिवार में हमें चार चीजों को कभी नहीं छोड़ना चाहिए रिश्ता विश्वास दिल और वचन परिवार में हमें सुई की तरह बनकर रहना चाहिए ना की कैंची की तरह सी रिश्तो को जोड़ने का कार्य करती है और कैंची रिश्तो को काटने का कार्य करती है उन्होंने कहा पहले मकान कच्चे थे पर रिश्ते सच्चे थे अब मकान पक्के हैं पर रिश्ते सब कच्चे हैं। आज दूसरे दिवस धार्मिक लूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अंक दिए गए इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चंदा रनवाल प्रेरणा संचेती एवं रचना रतन बोहरा का ग्रुप रहा वहीं द्वितीय स्थान पर रुचिता बाघमार अरुण रतन बोहरा श्वेता बोहरा का ग्रुप रहा तृतीय स्थान पर रेणुका गोलछा चंचल संचेती खुशबू गुड़िया रही आज की लूडो प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रेरणा पार्क परिधि मोदी एवं पूजा संचेती का उत्कृष्ट योगदान रहा आज के कार्यक्रम का संयोजन और संचालन प्रेरणा पार्क ने किया। पर्यूषण पर्व के दौरान प्रतिदिन आयोजित होने वाली धार्मिक प्रतियोगिताओं में रचित श्री इस्तेमाल कविता रतन बोहरा माया सुराणा चंचल श्री श्रीमाल सहित श्रवण संघ महिला मंडल का विशेष सहयोग धार्मिक प्रतियोगिताओं में प्राप्त हो रहा है। **-नवीन संचेती**

## चातुर्मासिक प्रवचन में विराग मुनि ने कहा- धर्म के लिए अब न वैसी श्रद्धा रही, न भाव, हमने क्रियाएं ही बदल दी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हमें प्रभु महावीर के बताए रास्ते पर चलना है। समस्या ये है कि इसके लिए जैसी श्रद्धा और भावना होनी चाहिए, अधिकांश लोगों में वह नहीं दिखती ?। हमें धर्म के रास्ते पर चलना था। हमने पूरी बुद्धि लगाकर धार्मिक क्रियाएं ही बदल डाली। चातुर्मास के अंतर्गत एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में जारी प्रवचन में विराग मुनि म.सा. ने यह बातें कही।

उन्होंने इस मौके पर मूल सूत्र का वाचन किया। इसमें उन्होंने बताया गया कि पर्यूषण के आठ दिनों में कम से कम व्यापार आदि से निवृत रहें। अपना पूरा समय धर्म-आराधना में लगाएं। दिनचर्या में प्रातः प्रतिक्रमण, पूजा-प्रवचन, शाम का प्रतिक्रमण शामिल करें। मूल सूत्र की वाचना करते हुए उन्होंने बताया कि माता त्रिशला ने गर्भावस्था में अर्धरात्रि में 14 सपने देखे। इन सपनों का महत्व और माता के गर्भ में आए जीव का रहस्य भी उन्होंने समझाया। मुनिश्री ने कहा कि इन आठ दिनों में कम से कम पाप करें। अहिंसा पूर्ण जीवन जिएं। किसी की निंदा न करें ?। लोगों के गुणों की प्रशंसा करें। ब्रह्मचर्य का पालन भी करना चाहिए। इन आठ दिनों के दौरान हमें पूरे ध्यान से कल्पसूत्र सुनना चाहिए। इसे अपने जीवन में भी उतारना चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि सिर्फ धर्म का पालन नहीं करना है। ऐसे करना है कि आपको देखकर दूसरे भी प्रभावित हो जाएं। परमात्मा का प्राकट्योत्सव जैसे मौके आएं तो गरीब बस्तियों मिठाई बांटें। उनकी मदद करें। इससे उनके मन में जिन शासन के प्रति अहोभाव आएंगे। शासन की प्रभावना करें। आत्मकल्याण करें। साधर्मिकों के लिए हमें उदार मन से काम करना चाहिए। निस्वार्थ भाव से उनकी सेवा करनी चाहिए। जिस व्यक्ति के पुण्य का उदय हुआ हो, उसी के हाथों से यह शुभ काम होता है।

मुनिश्री ने कहा, अनुष्ठान को लोग सिर्फ धार्मिक क्रिया की तरह करते हैं। ऊपर-ऊपर से दिखाते हैं कि धर्म कर रहे हैं। वास्तव में उस वक्त उनका दिमाग कुछ और सोच रहा होता है। इस तरह अनुष्ठान करने का कोई फायदा नहीं है। धार्मिक क्रियाएं पूरे मन से करें, तभी वह फलदायी होंगी। पूजा-पाठ, दान-धर्म के वक्त हमारे भीतर कैसे भाव चल रहे हैं, यह बहुत ज्यादा मायने रखता है।

**4 को धूमधाम से मनाया जाएगा महावीर जन्मोत्सव :** चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़ और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि महान सिद्धि तप के अंतर्गत 6 की तपस्या पूरी हो गई है। अब 8 की तपस्या शुरू होगी। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली ने बताया, पर्यूषण पर्व के अंतर्गत दादाबाड़ी में मूल सूत्र की वाचना की जा रही है। इसके तहत 4 सितंबर को भगवान महावीर का प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 दिव्य स्वप्नों की बोली लगाई जाएगी। **-गौरव शर्मा**

## लोग कीचड़ से बचकर इसलिए चलते हैं, कहीं कपड़े खराब ना हो जाये और कीचड़ को घमण्ड हो जाता है, कि लोग उससे डरते हैं

**हैदराबाद ( विश्व परिवार )।** इसलिए संसार कीचड़ है, यह कहकर उसे ठुकरा मत देना, वरना कमल के खिलने की संभावना खत्म हो जाएगी। संसार कीचड़ है। इसीलिए इसे दुत्कार कर, दुत्कार मत देना, वरना जीवन के सत्य से वंचित रह जाओगे। संसार कहाँ नहीं है ? पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, सब दिशाओं में तो संसार है। वह तो दूर-दूर तक फैला हुआ है। संसार से भागना नहीं है। भाग कर जाओगे भी कहाँ ? क्योंकि संसार से बाहर कुछ भी नहीं है। और तो और मोक्ष भी संसार में ही है। यह बात अलग है कि मोक्ष में संसार नहीं है। इसलिए मैंने कहा कि संसार से भागना नहीं अपितु जागना है। जागरण ही जीवन है। जिन्होंने भी पाया है, जाग कर ही पाया है। जो भी पहुँचा है, जाग कर ही पहुँचा है। जो दिख रहा है, वह संसार तो कम है। इच्छाओं का, वासनाओं का, कामनाओं का, हमारा अनंत संसार है, जिसने हमें परेशान और दु:खी करके रखा है।

## हसमुख गाँधी अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार की विशेषज्ञ पेनल में पुनः मनोनित, हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**इन्दौर ( विश्व परिवार )।** जैन समाज के कर्मठ, सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी वरिष्ठ समाजसेवी श्री हसमुख जैन गांधी इन्दौर को भारत सरकार के अल्पसंख्यक आयोग में सलाह देने हेतु सामुदायिक नेताओं की विशेषज्ञ पेनल में सम्मिलित किया गया है। भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अण्डर सेक्रेटरी श्री राजीव मोहन द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर श्री हसमुख जैन गांधी को इस आषय की जानकारी प्रदान की है। श्री गांधी को अनेक स्नेहीजनों ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। उल्लेखनीय है कि श्री गांधी, विगत चार दषकों से समाजसेवा के कार्यों में संलग्न होकर अपने व्यापार-व्यवसाय को षिखर पर पहुंचाने के साथ अनेकों संस्थाओं में अपनी ऊर्जावान सेवाएं प्रदान कर रहे है। जैन युवा रत्न, उद्योगरत्न, भूमि निर्माण अवार्ड जैसी अनेकों उपाधियों से सम्मानित आपको देष के सभी आचार्यों-मुनिराजों-आर्यिका माताजी, भट्टारक स्वामीजी का आषीर्वाद प्राप्त है। जैन जगत के सबसे बड़े आयोजन गोम्मटेष्वर भगवान बाहुबली स्वामी महामस्तकाभिषेक में 1992, 2006, 2018 में आपने अनेको जिम्मेदार पदों पर कार्य किया। साथ ही बावनगजा महामस्तकाभिषेक, कुण्डलपुर महोत्सव, हस्तिनापुर महोत्सव, मांगीतुंगी महामस्तकाभिषेक, जहाजपुर अतिषय क्षेत्र, पावागिरि ऊन सहित अनेक तीर्थों में आप सक्रिय पदाधिकारी होकर विकास कार्यों के प्रमुख सलाहकार भी है।

व्यावसायिक क्षेत्र में कोल्ड चेन इण्डस्ट्री एषोसिएषन के अध्यक्ष, इन्दौर जिला उर्वरक संघ अध्यक्ष, फेडरेषन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोषिएषन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर कार्य कर गांधी फर्टिलाइजर्स, गांधी कोल्ड स्टोरेज, इन्दौर फर्टिलाइजर्स का कुषल संचालन कर रहे है। दिगम्बर जैन सोषल ग्रुप फेडरेषन के राष्ट्रीय अध्यक्ष (2017-18), शाष्वत तीर्थ क्षेत्र कमेटी में आप राष्ट्रीय पदाधिकारी है। इन्दौर दिगम्बर जैन समाज द्वारा एक वर्ष में आयोजित पांच से अधिक पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अध्यक्ष के रुप में आपने अनेकों सफल आयोजन संपन्न किए है। जैन तीर्थ यात्राओं में सर्वाधिक प्रचलित मार्गदर्षी पुस्तक जैन तीर्थ निर्देषिका के संपादक के रुप में आप स्थापित है। जिसकी नब्बे हजार प्रतियां प्रकाषित हो चुकी है। अनेको सम्मान के साथ कुषल वक्ता, कुषल संयोजक, जैन एकता के पक्षधर, पंथवाद-संतवाद-ग्रंथवाद से परे रहकर जिनागम की सेवा में हमेषा तत्पर रहने वाले श्री हसमुख जैन गांधी की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

## प्रांतीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान : उपाध्याय वर्षभानंद महाराज के सानिध्य में शिला डोढया को किया श्राविका रत्न उपाधि से सम्मानित



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** प0पू0 आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महामुनिराज की पावन प्रेरणा से धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान द्वारा दिनांक 04 अगस्त से 11 अगस्त तक नारी सम्मान सप्ताह मनाया गया था। इसी क्रम में सोमवार दो सितम्बर को उपाध्याय श्री वृषभानन्द जी के पावन सानिध्य में दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान के सन्त सुधासागर बालिका छात्रावास की अधिष्ठात्री श्रीमती शीला जी जैन ड्योडा को उनके शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं के लिए किए गये कार्यों के लिए श्राविका रत्न के सम्मान से थडी मार्केट समाज द्वारा पद्मावती स्कूल में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।

धर्म जागृति संस्थान के उपाध्यक्ष भाग चंद मित्रपुरा ने बताया कि संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के साथ संरक्षक राजीव जैन गाज़ियाबाद, राकेश माधोराजपुरा के अलावा सांस्कृतिक मंत्री भँवरी देवी जैन, सीमा जैन, पुष्पा बिलाला, संजना बडजात्या, निकिता लुहाड़िया ने शीला ड्योडा को तिलक माला सॉल दुपट्टा व साफ़ा पहनाकर श्राविका रत्न प्रशस्ति पत्र गुरु के समक्ष प्रदान किया गया। संस्थान के महामंत्री सुनील पहाड़िया व संयुक्त महामन्त्री संजय जैन बडजात्या कामां अनुसार नारी सम्मान के क्रम में डा0 वन्दना जैन, शालिनी जैन, व विद्युत लुहाड़िया का सम्मान तिलक माला दुपट्टे से थडी मार्केट के अध्यक्ष पवन नगीनावाले व मंत्री अनिल जैन सहित समाज की उपस्थिति में छात्रावास की बालिकाओं द्वारा बैंड वादन की मधुर ध्वनि के मध्य किया गया। संस्थान के कोषाध्यक्ष पंकज लुहाड़िया के अनुसार शीला ड्योडा व इनकी टीम ने मुनि सुधासागर के मार्गदर्शन में बालिकाओं को विदुषी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर जैन धर्म की प्रभावना की है। इस समय प्रवीण बडजात्या, विकास बडजात्या, सिद्ध जैन, नीता जैन, महेंद्र बसवा वाले सहित बहुत से भक्त जन की उपस्थिती रही। **-संजय जैन बड़जात्या**

## संक्षिप्त समाचार

### एटीएम तोड़कर चोरी का प्रयास करता आरोपी तत्काल गिरफ्तार

**मुंगेली(विश्व परिवार)।** गिरिजा शंकर जायसवाल, उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला मुंगेली द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों की बैठक ली जाकर असामाजिक तत्वों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, साथ ही रात्रि गस्त को और अधिक सक्रिय करने निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली श्री पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक पथरिया श्री नवनीत पाटिल के मार्गदर्शन पर आज दिनांक 01.09.2024 की दरम्यानी रात थाना जरहागांव पुलिस द्वारा रात्रि में सघन गश्त पेट्रोलिंग किया जा रहा था कि जरहागांव बस स्टैण्ड में स्थित इंडिया वन बैंक के ञरू में रात्रि 3.00 बजे एक व्यक्ति घुसकर हथौड़ा एवं पेचकस की मदद से ञरू को तोड़ रहा था । जरहागांव पुलिस रात्रि गश्त पेट्रोलिंग टीम को आते देख आरोपी भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा दौड़ाकर पकड लिया गया इस प्रकार रात्रि गस्त के सक्रियता से बड़े वारदात को अंजाम देते हुए आरोपी को पकड़ने मे सफ्लता प्राप्त हुयी। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पता चला कि इस घटना को अंजाम देने के लिये आरोपी योगेन्द्र सिंह गोड़ ने पहले जरहागांव से मोटर सायकल चोरी किया और चोरी के मोटर सायकल से ञरू पहुंचा था । आरोपी द्वारा अपनी पहचान छुपाने के आशय से ञरू में लगे सीसीटीवी कैमरा को तोड़ दिया था। आरोपी योगेन्द्र सिंह गोड़ पिता रामसिंह गोंड़ उम्र 27 साल साकिन शंकर वार्ड मल्हापारा मुंगेली थाना मुंगेली के विरूद्ध थाना जरहागांव में अपराध क्रमांक 167/24 धारा 331(4), 62, 324(4)(5) बीएनएस एवं अपराध क्रमांक 168/24 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बरामद मशरूका:- 1. होण्डा सीबी साईन ष्ट्र 10 श्वरू8267 कीमती 20000 रू. 2. घटना में प्रयुक्त पेचकस पाना, हथौड़ा 3. टुटा हुआ सीसीटीव्ही कैमरा, कार्ड रिडर, एवं ञरू मशीन के अवशेष गिरफ्तार आरोपी:- योगेन्द्र सिंह गोड़ पिता रामसिंह गोंड़ उम्र 27 साल साकिन शंकर वार्ड मल्हापारा मुंगेली थाना मुंगेली। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक एस.के. शर्मा, सउनि मनक राम ध्रुव, सउनि महोदव खुंटे, प्रआर 39 महेश राज, आर.176 सुलेन्द्र कोशले, आर.165 विजय साहू, आर. 71 बालकृष्ण मरकाम, आर. 290 सुशांत पाण्डेय, आर. 87 अजय शिवहरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही0 (मुंगेली) इसी प्रकार सजग और सक्रिय होकर मुंगेली पुलिस आगे भी मुस्तैदी से रात्रि गस्त पेट्रोलिंग करती रहेगी।

### बाइक चुराने वाला शातिर गिरफ्तार

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** ग्राम तिलसिवां निवासी वेद प्रकाश ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सूर्योदय अपार्टमेंट के सामने अपनी मोटर सायकल स्पेलेण्डर प्लस नंबर बीआर 33 जेड 2923 को खड़ा किया था उसके अगले दिन देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं है कोई अज्ञात चोर मोटर सायकल चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना मिलते ही डीआईजी वं एसएसपी एम.आर.आहिरे ने चोरी का खुलासा कर आरोपी को जल्द पकड़ने के कड़े निर्देश दिए। सूरजपुर की पुलिस विवेचना कर आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर से सूचना मिला कि कुछ लोग चोरी किए मोटर सायकल को बिक्री करने की फिराक में ग्राहक तलाशते घुम रहे है। प्राप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर पुलिस ने 1 व्यक्ति व 4 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक को पकड़ा। पूछताछ पर पांचों ने बताया कि सभी एक साथ मिलकर करीब 2 माह पूर्व कांसाबेल जशपुर से सफेद रंग का एक्टिवा स्कूटी, करीब 2 माह पूर्व अम्बिकापुर घड़ी चौक के पास से काले रंग की पल्सर 150 मोटर सायकल, करीब 3 माह पूर्व ग्राम पर्री सूरजपुर से काले रंग की पल्सर 150 मोटर सायकल, करीब 3 माह पूर्व अम्बिकापुर से जशपुर जाने वाली रोड़ अम्बिकापुर से 10 किलोमीटर आगे से एक टीव्हीएस अपाचे 160 काले रंग की मोटर सायकल, करीब 3 माह पूर्व की सूरजपुर स्थित सरकारी अस्पताल से एक काले रंग की स्प्लेण्डर मोटर सायकल, करीब 4 माह पूर्व ग्राम सिलफिली से एक काले रंग की आर-15 यामाहा मोटर सायकल, करीब 4 माह पूर्व बगीचा से टीव्हीएस अपाचे 160 मोटर सायकल, करीब 6 माह पूव ग्राम उंचडीह से एक काले रंग का पल्सर एन 160 मोटर सायकल तथा करीब एक सप्ताह पहले ग्राम पटना कोरिया से सफेद रंग का पल्सर एनएस 200 मोटर सायकल तथा ग्राम पचिरा के सूर्यादय अपार्टमेंट से स्पेलेण्डर प्लस मोटर सायकल को चोरी कर आपस में बांट लेना बताए। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की कुल 10 मोटर सायकल कीमत 10 लाख रूपये का बरामद कर आरोपी भूपेन्द्र सिंह नवापारा को गिरफ्तार किया गया। वहीं मामले के 4 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालकों को विधि अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एसआई विवेक खलखो, रविराज पाण्डेय सक्रिय रहे।

# एम.के.राउत ने की जिले में रेडक्रॉस गतिविधियों की समीक्षा

**कलेक्टर नम्रता गांधी ने दी रेडक्रॉस गतिविधियों के लिए तैयार कैलेण्डर की जानकारी**

**धमतरी(विश्व परिवार)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह महासचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ श्री एम.के.राउत ने आज जिले में चल रही रेडक्रॉस गतिवधियों की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आायोजित इस बैठक में उन्होंने इसके लिए सदस्यता अभियान चलाकर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों को जोड़ने कहा। साथ ही जूनियर रेडक्रॉस के बच्चां को पहचान हेतु बैज प्रदाय करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के चेयरमेन अशोक अग्रवाल, कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक सहित संबंधित




अधिकारी और रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे। श्री राउत ने कहा कि रेडक्रास का उद्देश्य सेवाभाव को बढ़ावा देना है। इसके लिए सभी महाविद्यालयों में रेडक्रॉस के संबंध में कार्यक्रम आयोजित कर रक्तदान और अन्य गतिविधियां आयोजित करने, प्रबंध समिति के लिए चुनाव कराने हेतु तिथि, स्थान, समय निर्धारित कर समिति के सदस्यों का चयन 31 अक्टूबर तक करने कहा। उन्होने रेडक्रास के कार्यों को और अधिक विस्तृत करने हेतु उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों, ग्रामीणों इत्यादि को युवा रेडक्रॉस के जरिए प्रशिक्षण दिलाने कहा। इसके साथ ही दुर्घटना में घायलों को जल्द से जल्द सहायता मुहैय्या हो सके इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच को जोड़ने कहा, ताकि मरीज को सही समय में मदद मिल सके और समय की बचत हो। इस मौके पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले में रेडक्रॉस गतिविधियों के लिए तैयार कैलेण्डर की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल के बच्चों के साथ हेल्थ कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जो कि डाईट के बच्चों को देंगे। अब तक 20 बच्चों और चार शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। अब ये बच्चे हाईस्कूल और मिडिल स्कूल के बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके साथ ही सदस्यता अभियान जिले में चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बनाए गए हैं। इसके साथ ही एक सौ से अधिक लोगों को फुड बास्केट प्रदाय कर लाभान्वित किया गया है।

## जिला प्रशासन ने सील किया होटल इन्वीटेशन निरिक्षण के दौरान मिली थी खामियां

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एसडीएम कोण्डागांव निकिता मरकाम के नेतृत्व में जिला प्रशासन के सयुंक्त दल ने कोण्डागांव स्थित होटल इन्वीटेशन के शिकायतों के संदर्भ में शुक्रवार को होटल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसमें आबकारी अधिनियम, खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं भवन अनुज्ञा सम्बन्धी प्रावधानों के गम्भीर उल्लंघन सहित अनेक अनियमितता पाए जाने के फलस्वरूप सम्बन्धित होटल इन्वीटेशन को सील कर दिया गया है। इस दौरान सम्बन्धित अधिनियमों के प्रावधानों के अधीन वैधानिक कार्यवाही हेतु प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही में राजस्व विभाग सहित आबकारी,खाद्य सुरक्षा ,विद्युत, श्रम, नगर पालिका परिषद,खाद्य एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अधिकारी सम्मिलित थे। ज्ञात हो कि कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा जिले के होटल एवं रेस्टोरेंट का सतत निरीक्षण करने हेतु राजस्व विभाग सहित आबकारी, खाद्य सुरक्षा, विद्युत, श्रम, नगर पालिका परिषद, खाद्य एवं अग्नि सुरक्षा विभाग का संयुक्त दल गठित किया गया है। इस सयुंक्त दल द्वारा होटल इन्वीटेशन के जांच के दौरान छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम का उल्लघंन करते हुए होटल में अवैध रूप से मदिरा सेवन कराना पाया गया। होटल के रेस्टोरेंट में वैधता तिथि समाप्त हो चुकी खाद्य सामग्री का प्रयोग किया जाना पाया गया, जो खाद्य सुरक्षा मानकों का गम्भीर उल्लंघन है। जांच के दौरान होटल इन्वीटेशन के संचालक नैमिक गोलछा पिता हरीश गोलछा द्वारा भवन अनुज्ञा सम्बन्धी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में सहयोग नहीं किया गया। होटल में आगंतुक पंजी का संधारण सही तरीके से नहीं करना पाया गया। इसके साथ ही होटल एवं रेस्टोरेंट में कार्यरत स्टाफ की उपस्थिति पंजी, वेतन भुगतान रजिस्टर संधारित नहीं पायी गयी। जिसमें न्यूतनम वेतन अधिनियम 1948 और सामान्य पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के प्रावधानों का उल्लघंन करते हुए पाया गया। होटल में अग्निशमन यंत्र की वैधता समाप्त होना भी पाया गया। इन सभी कमियों और अनियमितताओं के फलस्वरूप जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित होटल इन्वीटेशन को आगामी आदेश पर्यन्त सील कर दिया गया है।

## कमिश्नर ने सोनपुर के आश्रम छात्रावास का किया निरीक्षण

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** आदिवासी विकास विभाग के कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा द्वारा सोनपुर पहुंकर आश्रम छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से पढ़ाई संबंधी बातें की और अच्छे से पढ़कर भविष्य में शिक्षक, डॉक्टर, कलेक्टर, इंजीनियर, नर्स, आरक्षक, पटवारी आदि बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर पढ़ाई कर अपने जीवन को सुखमय बनाने की शुभकामनाएं दी। कमिश्नर दुग्गा ने छात्रावास का निरीक्षण करते हुए उपस्थित सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि आश्रम छात्रावास में साफ सफाई के साथ बच्चों की पढ़ाई में मदद करें। उन्होंने आश्रम छात्रावास में किसी भी प्रकार की घटना ना हो इसके लिए सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान छात्रावास के अधीक्षक अनुपस्थित पाए जाने पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए। उपस्थित छात्र छात्राओं से चर्चा करते हुए बच्चों से पढ़ाई की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी लिया। कमिश्नर दुग्गा ने बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और साफ सफाई के साथ अपने मेनू को पालन करते हुए अनुशासन सीखने की बात कही। विद्यार्थियों को बिमारियों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने की जानकारी दी। कमिश्नर दुग्गा ने छात्रावास के दिवालों में महापुरूषों के आदर्शों एवं सुविचारों को आकर्षक रूप में लिखें, जिससे विद्यार्थी प्रेरित होकर पढ़ाई में अच्छे अकों से उत्तीर्ण हो सकें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बिपिन मांझी, आदिवासी विकास विभाग के अपर संचालक राधेश्याम भोई, एसडीएम वासु जैन, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे, मंडल संयोजक वासुदेव भारद्वाज उपस्थित थे।

### कमार हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने लगाई गई शिविर

**धमतरी(विश्व परिवार)।** शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ देने प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों में लगातार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मगरलोड विकासखण्ड के खड़मा, मड़वापथरा और नगरी विकासखण्ड के बगरूमनाला स्थित कवाचीपारा तथा आमापारा में विशेष शिविर आयोजित किया गया। इसमें में आयुष्मान कार्ड 07, जनधन खाता 11, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 12, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 01, किसान सम्मान निधि 18, सुकन्या समृद्धि 01, सिकलसेल, एनीमिया एवं कुपोषण के 01, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के 01, विश्वकर्मा योजना 08, श्रम कार्ड 26 कमार हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने विशेष अभियान जिले में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कमार बसाहटो में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं आधार कार्ड पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मन निधि, फसल ऋण, सुकन्या समृद्धि, मातृ वंदन, कुपोषण, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, जनधन खाता, ड्रॉप आउट बच्चों को प्रवेश और नल जल योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

## पचरा गांव में नकाबपोशों ने एनीकट साइट पर चोरी, डेढ़ लाख की सामग्री ले उड़े

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के बागों थाना क्षेत्र के ग्राम पचरा के तान नदी में कोरबा निवासी कॉन्टेक्टर द्वारा एनी कट का निर्माण कराया जा रहा है। 31 अगस्त की रात करीब 1 बजे चार पहिया वाहन से तीन नकाबपोश कैम्प में घुस कर सुरवाइजर और चौकीदार को बंधक बना कर करीब डेढ़ लाख रु की निर्माण सामग्री व उपकरण वाहन में भरकर ले गए.करीब दो घंटे उन्हे समान वाहन में लोड करने में लगे। हिदायत देते हुए करीब तीन बजे नकाब पोशो ने जाते समय सुपरवाइजर और चौकीदार के हाथ पैर में बांधी रस्सी खोल दी। वारदात की जानकारी कांट्रैक्टर जयेश मिश्रा को लगने पर बागों थाना रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। प्रार्थी जयेश मिश्रा ने पुलिस को बताया कि वह रानी रोड कोरबा का निवासी है व ठेकेदारी का काम करता है। एनीकट बनाने का काम बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम पचरा के तान नदी में चल रहा है। 31 अगस्त 2024 के रात्रि करीबन 1 बजे तीन नकाबपोश उसके साइट कैम्प में घुसकर सुपरवाईजर तथा चौकीदार के हाथ बांधकर घर एवं बाहर में रखे 4 नग बैटरा, 2 नग पानी पंप तथा बाहर में रखे 80 नग लोहे का सेंटरिंग प्लेट को चोरी कर ले गये हैं। सुपरवाईजर विजय साहू, चौकीदार हेमंत कुमार तंवर के साथ घटना हुई है। केम्प में 2 पोकलेन, 1 हाईवा, 350 नग लोहे का प्लेट, 3 नग वाईब्रेटर, 5 नग, 5 एचपी पानी पम्प, 1 जनरेटर. 5 टन छड़, 20 लोहे के पाईप, एंगल, 4 नग बैटरा व अन्य निर्माण की संपत्ति रखी है तथा 2 रूम स्टाफ एवं चौकीदार के लिए बनाये हैं जिसमे विजय साहू (सुपरवाईजर) और हेमंत (चौकीदार) है। दोनो अलग-अलग कमरे मे सोते हैं। रात करीब 3:30 बजे फोन आया कि 3 अज्ञात नकाबपोश कैम्प मे घुस आये और हाथ बांध दिये। कमरे में रखे 4 बैट्ररा, 2 पानी पम्प एवं 80 नग लोहा प्लेट चोरी कर ले गये हैं। हेमंत का हाथ पीछे बांधे थे जो 3 बजे जाने के बाद खोल लिये एवं सुपरवाईजर विजय का भी हाथ खुल गया।

# कोलावल बालिका आश्रम में 10 बच्चे हुए बीमार, एक की मौत

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** बस्तर जिले के बकावंड ब्लाक के कोलावल गांव में स्थित बालिका आश्रम में अचानक से दो दिन पहले फैली बीमारी ने वहां पढ़ रहे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाला है। जिससे कि वहां के करीब आठ से 10 बच्चे बीमार हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए आयुष केंद्र ले जाया गया। जहां सामान्य बीमारी समझ उपचार के बाद वापस आश्रम ले गए। लेकिन रविवार को ज्यादा स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें सीएचसी ले जाया गया। लेकिन उससे पहले ही एक बच्ची ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद आश्रम में अफरा-तफरी मच गई और बीमार बच्चों को बेहतर उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी बकावंड लाया गया। जहां से उन्हें 108



वाहन के माध्यम से ही जगदलपुर अस्पताल भेज दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए एसी ट्राइबल गणेश सोरी ने बताया कि कोलावल स्थित बालिका आश्रम में पढ़ने वाले बच्चों को दो दिन पहले से तेज बुखार व सिर में दर्द होने की शिकायत करने लगे। जिसके बाद आश्रम की अधीक्षिका ने उन बच्चों को गांव के ही आयुष केंद्र में डॉक्टर दास से उपचार के लिए भेजा गया। उपचार के बाद बच्चों को सामान्य बीमारी बताते हुए उन्हें दवा देकर वापस आश्रम भेज दिया गया। लेकिन रविवार की शाम से अचानक से आठ से 10 बच्चे बीमार हो गए। इस बीमारी की चपेट में आने से पाथरी गांव की एक 10 वर्षीय बच्ची की मौत भी हो गई। घटना की जानकारी लगते ही आला अधिकारियों की टीम गांव पहुंची और बीमार सभी बच्चों को सीएचसी बकावंड लाया गया, जहां बीमार सभी बच्चों का मलेरिया से लेकर डेंगू टेस्ट भी करवाया गया। लेकिन रिपोर्ट नॉर्मल आने के बाद बच्चों का अन्य टेस्ट कराए जाने की बात और बच्चों की खराब हालत को देखते हुए उन्हें जगदलपुर से 108 की वाहनों में बेहतर उपचार के लिए रवाना किया गया है। इस मामले में आश्रम अधीक्षिका दुलारी ने बताया कि यहां पर पहली से पांचवी तक के करीब 50 बच्चे पढ़ाई करते हैं।

## व्यापार समाचार

## अप्रैल-जुलाई में यूपीआई से हुआ 81 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से अप्रैल-जुलाई की अवधि में 81 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ है। इसमें सालाना आधार पर 37 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ग्लोबल पेमेंट्स हब पेसिक्योर की ओर से जारी किए गए लेटेस्ट डेटा में कहा गया है कि यूपीआई से प्रति सेकंड 3,729.1 लेनदेन हो रहे हैं। 2022 में यह आंकड़ा 2,348 लेनदेन प्रति सेकंड था। इस दौरान यूपीआई से लेनदेन में 58 प्रतिशत का इजाफा देखा गया है। आंकड़ों के मुताबिक यूपीआई लेनदेन की संख्या के मामले में भारत, चीन के अलीपे, अमेरिका के पेपाल और ब्राजील के पिक्स से काफी आगे निकल गया है। जुलाई में यूपीआई से कुल 20.6 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए। यह अब तक दर्ज किया गया यूपीआई लेनदेन का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसके अलावा यूपीआई से होने वाले लेनदेन की कुल वैल्यू लगातार तीन महीने से 20 लाख करोड़ रुपये के ऊपर बनी हुई है। पेसिक्योर की ओर से यह डेटा दुनियाभर के शीर्ष वैकल्पिक भुगतान के तरीकों में से 40 की जांच करने के बाद जारी किया गया है। पेसिक्योर के डेटा के मुताबिक, दुनिया में डिजिटल लेनदेन के मामले में भारत शीर्ष पर है। यहां 40 प्रतिशत के करीब लेनदेन डिजिटल तौर पर किए जाते हैं। डिजिटल भुगतान करने के लिए लोग सबसे ज्यादा यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के सीईओ दिलीप अस्बे ने कहा कि क्रेडिट ग्रोथ के साथ अगले 10 से 15 वर्षों में यूपीआई से होने वाले लेनदेन की संख्या 100 अरब पहुंचने की संभावना है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि हमारा फोकस यूपीआई और रुपे कार्ड को वैश्विक स्तर पर ले जाना है। इसके लिए विदेशों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इस हफ्ते 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' में मुंबई में बोलते हुए उन्होंने कहा कि विदेश में यूपीआई को ले जाना, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मर्चेंट्स द्वारा यूपीआई क्यूआर कोड के जरिए भुगतान स्वीकार करना और क्रॉस बॉर्डर भुगतान के लिए यूपीआई को अन्य देशों के तेज भुगतान प्रणाली से जोड़ना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है।

## तीन स्पिनर्स को खरीदने टीमों के बीच छिड़ेंगी बिडिंग वॉर

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन को लेकर सभी उत्साहित हैं. एक बार फिर टीमों में बड़े-बड़े बदलाव होंगे और खिलाड़ियों को मोटी रकम मिलेगी. इस बार के ऑक्शन में कई ऐसे स्पिनर्स होंगे, जिनपर बड़ी बोली लगनी तय है. तो आइए इस आर्टिकल में आपको 3 ऐसे खिलाड़ियों के बारे में बताते हैं, जिनपर सबसे बड़ी बोली लग सकती है... इस लिस्ट में पहला नाम अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला का आता है. कहने को पीयूष भले ही 36 साल के होने वाले हो, लेकिन आज भी उनकी घूमती हुई गेंदों का कोई जवाब नहीं है. चावला 2022 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे, लेकिन 2023 और 2024 के आईपीएल सीजन में उन्होंने मुंबई इंडियंस की जर्सी में कमाल किया. पीछले दो सीजन में पीयूष ने 27 मैचों में 35 विकेट चटककाए हैं. उनका नाम भी आईपीएल हिस्ट्री के लीडिंग विकेट टेकर्स में आता है. अब तक वह 192 आईपीएल मैचों में कुल 192 शिकार कर चुके हैं. लिस्ट में अगला नाम महीश तीक्षणा का आता है. श्रीलंकाई युवा ऑफ स्पिनर पर भी मेगा ऑक्शन में रिकॉर्ड तोड़ बोली लग सकती है. महीश 2022 से आईपीएल खेल रहे हैं और तभी से चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा है. अब तक खेले 27 मैचों में उन्होंने 31.88 की औसत से साथ कुल 25 विकेट अपने नाम किए हैं. अगर सीएसके ने तीक्षणा को रिटेन नहीं किया तो कई टीम में उन्हें अपने साथ जोड़ना चाहेगी. लिस्ट में तीसरा और आखिरी नाम उत्तर प्रदेश के युवा लेग स्पिनर स्वप्निल सिंह का आता है. स्वप्निल कहने को तो 2016 से आईपीएल खेल रहे हैं, लेकिन असली पहचान उन्हें 2024 के सीजन में आरसीबी की ओर से खेलते हुए मिली. 17वें सीजन में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 7 मैचों में 10.20 की अद्भुत औसत के साथ 6 विकेट हासिल किए थे. इसमें उन्होंने एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टन और डेविड वॉर्नर जैसे बड़े नाम शामिल थे. 2024 के मिनी ऑक्शन में आरसीबी ने स्वप्निल को 20 लाख में खरीदा था, लेकिन मेगा ऑक्शन में उनकी पक्का लॉटरी लग सकती है.

## बोपन्ना-सुत्जियादी मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**न्यूयॉर्क( एजेंसी )।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार एल्डिला सुत्जियादी ने ऑस्ट्रेलियाई चेक जोड़ी जॉन पीयर्स और कैटरीना सिनियाकोवा को हराकर यूएस ओपन के मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी ने कोर्ट 12 पर एक घंटे 13 मिनट तक चले मैच में पीयर्स और सिनियाकोवा को 0-6, 7-6(5), 10-7 से हराया। 3 सितंबर को होने वाले क्वार्टर फाइनल में बोपन्ना का सामना मैथ्यू एबडेन से होगा, जिन्होंने चेक खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ जोड़ी बनाई है। इससे पहले, बोपन्ना और सुत्जियादी ने डेमी शूर्स और टिम पुट्ज़ की डच-जर्मन जोड़ी को 98 मिनट में 7-6, 7-6 से हराया और फिर रॉबर्टो कार्बालेस बेना और फेडेरिको कोरिया की स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। इससे पहले, शुक्रवार को पुरुष युगल में, बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी एबडेन ने रॉबर्टो कार्बालेस बेना और फेडेरिको कोरिया की स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से 60 मिनट में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया था। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बोपन्ना और एबडेन रविवार को पुरुष युगल के अंतिम 16 के मुकाबले में अर्जेंटीना के एंड्रेस मोल्टेनी और मैक्सिमो गोंजालेज की जोड़ी से भिड़ेंगे। भारत के युकी भांबरी और फ्रांसीसी अल्बानो ओलिवेटी की एक अन्य पुरुष युगल जोड़ी, जिन्होंने दूसरे दौर में ऑस्टिन क्राजिसेक और जीन-जूलियन रोजर की 15वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी-डच जोड़ी को हराया था, रविवार को ग्रैंडस्टैंड में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेनिश-अर्जेंटीना की जोड़ी मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो ज़ेबालोस से भिड़ेगी।

# मेदवेदेव चौथे दौर में, सिनर ने ओ कोनेल को हरा दिया



**न्यूयॉर्क( एजेंसी )।** नंबर 5 सीड रूसी दानिल मेदवेदेव हार्ड कोर्ट मेजर के चौथे दौर में प्रवेश करने के लिए नंबर 31 सीड फ्लेवियो कोबोली को लगातार सेटों में हराकर पूर्व यूएस ओपन चैंपियन के एलिमिनेशन के सिलसिले को रोकने में कामयाब रहे जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने आसानी से चौथे दौर में जगह बना ली। मेदवेदेव ने युवा इतालवी कोबोली को दो घंटे, 18 मिनट में 6-3, 6-4, 6-3 से हरा दिया और पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के साथ चौथे दौर की भिड़ंत तय की, जिन्होंने लगभग चार घंटे तक चले अपने पांच सेटों के राउंड 3 मुकाबले में जैकब मेन्सिक को हराया। पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज के आश्चर्यजनक रूप से बाहर होने के बाद, 2021 यूएस ओपन विजेता मेदवेदेव अब फ्लशिंग मीडोज में सीज़न के आखिरी मेजर में बचे एकमात्र पूर्व चैंपियन हैं। नंबर 10 सीड ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने 56 विनर लगाए और अपनी शानदार कोर्ट स्पीड का इस्तेमाल करते हुए ब्रिटेन के गैरवरीय डेनियल इवांस को दो घंटे 48 मिनट में 6-3, 6-7(4), 6-0, 6-0 से हरा दिया। यह लगातार दूसरे वर्ष उनका यूएस ओपन का चौथा राउंड है। फ्लशिंग मीडोज में उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2020 में क्वार्टरफाइनल फिनिश था। आज शाम राउंड 3 की जीत के साथ, डी मिनौर 20 वर्षों में एक ही वर्ष में प्रत्येक ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे राउंड में पहुंचने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति बन गए। 25 वर्षीय डी मिनौर यह उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिष्ठित आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों लेटन हेविट (2004), जॉन न्यूकॉम्ब (1969), रॉय एमर्सन (1969), टोनी रोश (1969), रॉड लेवर (1969) और फ्रेड स्टोल (1969) की सूची में शामिल हो गए। इस साल की शुरुआत में रौलां गैरो और विंबलडन में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले डी मिनौर का अगला मुकाबला साथी ऑस्ट्रेलियाई जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ राउंड 4 मैच होगा। करियर आमने-सामने की बैठकों में वह थॉम्पसन से 4-1 से आगे हैं। अपने सबसे हालिया मैच में, डी मिनौर ने 2022 में मियामी के दूसरे दौर में थॉम्पसन को 6-2, 6-3 से हराया था। अन्य मेगा एक्शन में, वर्ल्ड नंबर 1 सिनर ने वर्ल्ड नंबर 87 ओकोनेल को 6-1, 6-4, 6-2 से हराया, पूरे मैच में 15 एस लगाए और पांच ब्रेक प्वाइंट को भुनाकर चौथे राउंड में पहुंच गए। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सिनर ने एक घंटे और 53 मिनट में सीज़न की अपनी 51वीं जीत पूरी की। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा।

## भारतीय क्रिकेटर के नाम है सबसे बड़ा रिकॉर्ड, 16 सालों में कपिल देव कभी नहीं हुए रन आउट



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** क्रिकेट के खेल में कई ऐसे रिकॉर्ड्स हैं, जिन्हें जानकर फैंस दंग रह जाते हैं. आज हम आपको भारतीय क्रिकेटर के एक ऐसे ही रिकॉर्ड के बारे में बताने वाले हैं, जिसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे. जहा, सोच कर देखिए कि एक खिलाड़ी ने 16 साल तक टेस्ट क्रिकेट खेला, लेकिन वो कभी भी रन आउट नहीं हुआ. अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये क्रिकेटर है कौन, जिसे विपक्षी टीम टेस्ट फॉर्मेट में कभी रन आउट नहीं कर पाई. सस्पेंस खत्म करते हैं और आपको बताते हैं... अपने करियर में एक भी बार रन आउट ना होने वाला क्रिकेटर कोई और नहीं बल्कि 1983 में भारत को पहला वर्ल्ड कप खिताब जिताने वाले कप्तान कपिल देव हैं. कपिल देव की गिनती दुनिया के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर खिलाड़ियों में होती है. कपिल देव ने भारत के लिए साल 1978 में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया. कपिल देव ने अपने इंटरनेशनल करियर का आखिरी क्रिकेट मैच साल 1994 में खेला था. कपिल देव अपने टेस्ट करियर में 25 बार बोल्ड, 84 बार कैच आउट, 28 बार बिहाइंड कैच, 20 बार एलबीडब्ल्यू आउट हुए. बताते चलें, वनडे क्रिकेट में भी कपिल देव के रिकॉर्ड शानदार हैं, लेकिन वहां वह कुल 10 बार रन आउट का शिकार हुए. भारत को पहला वर्ल्ड कप जिताने वाले कपिल देव ने भारत के लिए 131 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 31.05 के औसत और 8 शतकों की मदद से 5248 रन बनाए हैं. वहीं, 29.64 के औसत से 434 विकेट अपने नाम किए. इसके अलावा, पूर्व कप्तान ने 225 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 23.79 के औसत से 3783 रन बनाए और 253 विकेट भी चटकाए.

## अदाणी पोर्ट ने एस्ट्रो ऑफशोर में 185 मिलियन में खरीदी 80 प्रतिशत हिस्सेदारी



**अहमदाबाद( एजेंसी )।** अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने ग्लोबल ओएसवी (ऑफशोर सपोर्ट वेसल) संचालक एस्ट्रो ऑफशोर में 185 मिलियन डॉलर में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया। यह एक ऑल-कैश डील थी। एस्ट्रो के आने से अदाणी पोर्ट्स के ग्लोबल मरीन पोर्टफोलियो को बढ़ाने में मदद मिलेगी और इससे टियर-1 के ग्राहकों को जोड़ने में मदद मिलेगी। अदाणी ग्रुप की कंपनी की ओर से कहा गया कि इस ट्रांजैक्शन का उद्यम वैल्यू 235 मिलियन डॉलर है। पहले वर्ष से ही कंपनी की फाइनेंसियल पर इसका असर देखने को मिलेगा। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक डायरेक्टर और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा कि एस्ट्रो का अधिग्रहण हमारे रोडमैप दुनिया के सबसे बड़े मरीन ऑपरेटर बनने के लक्ष्य के तहत किया गया है। एस्ट्रो के अधिग्रहण से हमारी मौजूदा 142 टग और ड्रेजर के वर्तमान बेड़े में 26 ओएसवी जुड़ेंगे। इसके बाद हमारे बेड़े के आकार बढ़कर 168 हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस अधिग्रहण से टियर-1 ग्राहकों तक कंपनी को पहुंचने में मदद मिलेगी। इससे अरब सागर, भारतीय उपमहाद्वीप और पूर्वी एशिया के बाजार पर पकड़ मजबूत होगी।

## भारत में जनवरी-जून के बीच 1.1 गीगावाट की अतिरिक्त रूफटॉप सोलर क्षमता का हुआ विस्तार



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश में 2024 की पहली छमाही में रूफटॉप सोलर क्षमता में 1.1 गीगावाट का इजाफा हुआ। यह पिछले साल समान तिमाही में लगाई गई अतिरिक्त क्षमता 873 मेगावाट से 26 प्रतिशत ज्यादा है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मेरकॉम इंडिया की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि रूफटॉप सोलर क्षमता में 1.1 गीगावाट का विस्तार होना किसी भी छमाही में नई कैपेसिटी लगने का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रेसिडेंशियल रूफटॉप सोलर इन्स्टॉलेशन क्षमता का काफी विस्तार हुआ है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि 2024 की दूसरी तिमाही (अप्रैल से जून के बीच) देश में 731 मेगावाट की अतिरिक्त रूफटॉप सोलर क्षमता लगी है, जो पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 388 मेगावाट से 89 प्रतिशत ज्यादा है। मेरकॉम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियदर्शिनी संजय ने कहा कि हमेशा से कमर्शियल और इंडस्ट्रियल के मुकाबले रेजिडेंशियल सेक्टर में रूफटॉप सोलर इन्स्टॉलेशन काफी कम रहा है, लेकिन पिछली तिमाही में इसमें करीब 10 गुना की बढ़ोतरी देखने को मिली है। आगे कहा कि इसके साथ ही अतिरिक्त क्षमता विस्तार में भी 99 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बीते तिमाही में हुए सोलर इन्स्टॉलेशन में रूफटॉप सोलर की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत थी। पिछले तिमाही में गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु ने रूफटॉप सोलर क्षमता विस्तार में आगे रहे हैं। इनकी कुछ इन्स्टॉलेशन में हिस्सेदारी 81 प्रतिशत से अधिक थी। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की कुल रूफटॉप सोलर क्षमता जून तक बढ़कर 11.6 गीगावाट हो गई है। शीर्ष 10 राज्यों की देश की कुल रूफटॉप सोलर क्षमता में हिस्सेदारी 78 प्रतिशत है। 2024 की पहली छमाही में भारत में 15 गीगावाट की अतिरिक्त सोलर क्षमता लगाई गई है। इसमें सालाना आधार पर 282 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। जून 2024 तक देश में 87.2 गीगावाट की सोलर क्षमता लगाई जा चुकी है। सरकार कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा पर जोर दे रही है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता विकसित करना है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू स्लाविया मोंटे कार्लो लॉन्च की

**रायपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में ऑल-न्यू स्लाविया मोर्टे कार्लो संस्करण लॉन्च किया है। स्पोर्ट्स थीम को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी ने कुशाक और स्लाविया में ऑल-न्यू स्पोर्टलाइन रेंज भी लॉन्च की है। स्कोडा ऑटो ने इन कारों की खरीद के लिए जबर्दस्त ऑफर की घोषणा की। इस तरह कंपनी ने भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षक मूल्य पर अपनी पसंदीदा कार तलाश करने के विकल्पों को बढ़ाया है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर श्री पेट्र जनेबा ने इन नई पेशकश के बारे में कहा, मोंटे कार्लो बैज का ग्राहकों के साथ एक मजबूत संबंध है, जो खेल भावना और जीत के जज्बे की झलक देता है। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम आज स्लाविया मोर्टे कॉर्लो को लॉन्च कर रहे हैं। यह भारत में स्कोडा ब्रैंड को आगे बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। भारत यूरोप के बाहर हमारे लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है। यह स्पेशल कार उन उपभोक्ताओं को बेहद पसंद आएगी, जो बेमिसाल, बारीक और स्पोर्टी स्टाइल की खूबसूरत कारों की तलाश में रहते हैं, जिससे उनका एक खास स्टाइल उभरकर आए। इस स्पेशल कार में हमने रैली मोंटे कार्लो में अपने 112 वर्ष, समृद्ध विरासत के 129 वर्षों और भारत में मौजूदगी के 24 वर्षों के अनुभवों को शामिल किया है। हमने स्लाविया स्पोर्टलाइन और कुशाक स्पोर्टलाइन जैसे दो नए ट्रिम भी पेश किए हैं, जो रेंज का लगातार विकास करने और उसे आधुनिक बनाए रखने के हमारे इरादे को दर्शाते हैं। यह ग्राहकों को अधिक विकल्प और मूल्य प्रदान करते हैं।

## एचडीएफसी बैंक और जेएलआर इंडिया ने ऑटो फाइनेंसिंग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**मुंबई:** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक और जेएलआर इंडिया ने ऑटो फाइनेंसिंग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बैंक अब जेएलआर का अधिमानित वाहन फाइनेंसर होगा, इससे उपभोक्ताओं को विशेष फाइनेंसिंग योजनाएं, विशेष ऑफर/इवेंट और प्राथमिकता वाली सेवाएं/सगाई जैसे कई लाभ मिलेंगे। इसका उद्देश्य दोनों प्रमुख ब्रांडों की संयुक्त क्षमता का लाभ उठाकर ग्राहकों को निर्बाध फाइनेंसिंग विकल्प और आधुनिक लक्जरी कार खरीदने का अनुभव प्रदान करना है। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री राजन अंबा और एचडीएफसी बैंक के रिटेल एसेट्स के ग्रुप हेड श्री अरविंद वोहरा ने जेएलआर मॉडल की पूरी रेंज के लिए पेशकशों को शामिल करने वाले इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, जिनमें श्री अखिलेश कुमार रॉय - बिजनेस हेड, ऑटो लोन और इन्वेंट्री फाइनेंस एचडीएफसी बैंक शामिल थे। ये सेवाएँ जेएलआर के सभी एक्सक्लूसिव शोरूम और डीलरशिप पर उपलब्ध होंगी। एचडीएफसी बैंक के रिटेल एसेट्स के ग्रुप हेड, श्री अरविंद वोहरा ने इस बारे में बात करते हुए कहा, हम जेएलआर जैसे प्रतिष्ठित और महत्वाकांक्षी ऑटोमोटिव ब्रांड के साथ इस साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। बैंक ग्राहकों को सहज अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी मजबूत निष्पादन क्षमताओं का लाभ उठाएगा।

## नींद संबंधी समस्याओं पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस इंदौर में

**रायपुर।** इंदौर 5 और 6 अक्टूबर, 2024 को नींद संबंधी समस्याओं/ बीमारियों पर एक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी करने जा रहा है। साउथ ईस्ट एशियन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन (स्श्वस्रू) द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य क्षेत्र में नींद संबंधी समस्याओं की समझ और उपचार को आगे बढ़ाना है।

आयोजन सचिव डॉ. रवि डोसी ने सम्मेलन के महत्व पर जोर देते हुए कहा, स्श्वस्रू2024 द्वारा समर्थित यह कॉन्फ्रेंस मेडिकल प्रोफेशनल्स को नींद संबंधी बीमारियों के निदान और इलाज के अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगी। विशेषज्ञ व्याख्यानों, व्यावहारिक प्रशिक्षण और केस स्टडी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य पारटिसिपेंट्स को क्षेत्र में नवीनतम प्रगति से परिचित करना है। नींद संबंधी समस्याओं के बढ़ते प्रचलन को पहचानते हुए, डॉ. डोसी ने अनुभवी चिकित्सकों के साथ-साथ स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के इस कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि नींद संबंधी विकारों को दूर करने के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

**नींद : समग्र स्वास्थ्य की आधारशिला-** डॉ. डोसी ने समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए नींद के महत्व को रेखांकित किया।

## वी. सतीश कुमार, निदेशक ( विपणन ), ने इंडियन ऑयल के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली:** श्री वी. सतीश कुमार ने आज इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियनऑयल) के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। वह अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए अपने निदेशक (विपणन) की भूमिका को भी जारी रखेंगे, जिस पद पर वे अक्टूबर 2021 से कार्यरत हैं। उन्होंने अक्टूबर 2022 से एक वर्ष की अवधि के लिए निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाला, जो यूक्रेन-रूस संघर्ष के कारण उत्पन्न भू-राजनीतिक तनाव से प्रभावित थी। 35 वर्षों के अपने करियर में, श्री कुमार ने देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दी है और प्रमुख पदों पर रहते हुए, पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन में इंडियनऑयल की अग्रणी स्थिति बनाए रखने के प्रयासों का नेतृत्व किया है। उन्होंने बहुराष्ट्रीय तेल कंपनियों के साथ बातचीत में व्यापक अनुभव भी प्राप्त किया है, और इंडियन ऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लिमिटेड, जो इंडियनऑयल और पेट्रोनास (मलेशिया) का संयुक्त उद्यम है, के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में और इंडियन ऑयल मॉरीशस लिमिटेड, जो इंडियनऑयल की एक सहायक कंपनी है, के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। निदेशक (विपणन) के रूप में, उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं या अन्य व्यवधानों के समय भी विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की।

दैनिक
# विश्व परिवार
## महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 03 सितंबर 2024



### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सिल्हाटी में विद्युत उपकेन्द्र का करेंगे उद्घाटन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा मंगलवार 03 सितंबर को 52 करोड़ रूपए की लागत से बने कबीरधाम जिले के बोडला विकासखण्ड अंतर्गत सिल्हाटी (बैजलपुर) में 132/33 केव्हीए का विद्युत उपकेन्द्र का उद्घाटन करेंगे। सिल्हाटी (बैजलपुर) 132 केव्हीए का विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना के साथ 132 केव्ही लाईन विस्तार का कार्य किया गया है, जिससे इस क्षेत्र के किसानों सहित ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया गौ विज्ञान परीक्षा के पोस्टर का विमोचन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का श्री गणेश पोला पर्व की पूर्व संध्या पर पोस्टर विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास में आयोजित की गई।

परीक्षा आयोजन की जानकारी देते हुए प्रांत संयोजक श्री इरन्ना सपारे एवं प्रांत परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी ने बताया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित यह परीक्षा 11 दिसंबर गीता जयंती के दिन पूरे प्रांत में एक साथ होगी। पूरे प्रदेश में 5 लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षाओं में हर श्रेणी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को 12 जनवरी को आयोजित प्रदेश स्तरीय गौ सेवा संगम कार्यक्रम में पुरुस्कृत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच गाय के प्रति प्रेम भाव जागृत करना है। साथ ही वर्तमान पीढ़ी को गाय का धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व समझाना है। आज एक बहुत बड़ी पीढ़ी गाय से विमुख है जिसके कारण कहीं ना कहीं समाज गोपालन से विमुख हो रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप गाय सड़कों पर है। गायों के सड़कों पर आने से रोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं घट रही है, जिसमें न सिर्फ गोवंश अपितु इंसानों की भी लगातार मौत हो रही है। गायों का स्थान किसान का घर है न की सड़क। गाय सिर्फ किसान के घर ही सुरक्षित रह सकती है।

उन्होंने बताया कि गाय के सभी विषयों को लेकर आने वाले 5 महीने व्यापक जन जागरण अभियान संस्था के द्वारा चलाया जाएगा। इस अभियान में परीक्षा के साथ साथ, स्कूलों में गाय के महत्व की प्रदर्शनी, सेमिनार, व्याख्यान, गौ सेवा संगम सहित विविध आयोजन किए जाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से प्रदेश के घर घर संपर्क कर गौमाता का महत्व समाज को बताया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने इस अभियान के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रदेश जनों से इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा जुड़कर सहयोग करने का आग्रह भी किया है। इस अवसर पर पूरे प्रदेश के आए हुए गौसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अक्टूबर में होने वाली आचार्य विद्यासागर जी महाराज की जन्म जयंती महोत्सव कार्यक्रम के लिए देवेंद्र ब्रह्मचारी जी ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को किया आमंत्रित





**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर प्रवास के दौरान भारत गौरव श्रद्धेय श्री देवेंद्र ब्रह्मचारी जी ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका जी से सौहाद्रपूर्ण मुलाकात की। इस अवसर में सभी वर्गो में समन्वय और परस्पर प्रेम के लिए भारतीय संस्कृति और भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चर्चा हुई। राज्यपाल जी को अक्टूबर में मुंबई में आयोजित आचार्य विद्यासागर जन्म-जयंती महोत्सव के लिये आमन्त्रित किया।

इस मुलाकात में सकल जैन समाज रायपुर से सुनील भैया, लोकेश चंद्रकांत जैन, प्रियेश जैन (विश्व परिवार) उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने रायपुर अंचल में राष्ट्रीय खेल दिवस-2024 मनाया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर अंचल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन दिनांक 26-31 अगस्त, 2024 तक किया गया। विभिन्न खेल गतिविधियों की श्रृंखलाओं में अंचल द्वारा फुटबॉल, क्रिकेट, रस्साकशी, लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर और स्किपिंग रोप जैसे खेलों का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और दैनिक तौर पर फिटनेस में ध्यान देने हेतु शपथ दिलाई गई। इन सभी गतिविधियों में श्री दिवाकर पी. सिंह, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, श्री भरतकुमार चावड़ा, उप महाप्रबंधक व्यवसाय विकास, डॉ. रमेश कुमार मोहंती, उप महाप्रबंधक- अनुपालन एवं आश्वासन, श्री किसलय प्रसाद, क्षेत्रीय प्रमुख, रायपुर क्षेत्र, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रदीप कुमार यादव, सहित भारी मात्रा में अंचल कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय और शाखा/कार्यालय के स्टाफ़ सदस्यों ने सक्रियतापूर्वक भाग लिया।

### राजकुमार कॉलेज में तिलक, तुलसीदास, प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया गया




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजकुमार कॉलेज में दिनांक 01 सितंबर 2024, रविवार को शताब्दी से भी अधिक समय से चली आ रही गौरवशाली परंपरा का अनुसरण करते हुए इस वर्ष भी तिलक, तुलसी एवं प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य कर्नल अविनाश सिंह द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, तुलसीदास एवं प्रेमचंद जी की फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

### शिक्षकों को सम्मानित करेंगे राज्यपाल

**भिलाई-रायपुर (विश्व परिवार)।** कल राजभवन में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने सौजन्य मुलाकात कर 3 सितंबर को वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका को राजभवन पहुंच न्यौता दिया था। कार्यक्रम के लिए राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकृति दी है। इस दौरान विधायक रिकेश सेन ने राज्यपाल को वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों से भी अवगत कराते हुए महामहिम से आवश्यक चर्चा भी की थी।

## अनोखी सौगात : थैला एटीएम मशीन का हुआ शुभारंभ, 10 रूपये में मिलेगा कपड़े का थैला



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ और रायपुर के लिए अनोखी सौगात ब्रांड एंबेसडर नो प्लास्टिक कैंपेन मोर रायपुर और स्वच्छता अभियान एंबेसेडर नगर निगम रायपुर छत्तीसगढ़ शुभांगी आप्टे ने दिनांक 31 अगस्त को दोपहर 4 बजे श्री गजानन मंदिर तात्यापारा रायपुर में पहला थैला एटीएम मशीन लगवाया जिसमें 10 रुपए का एक सिक्का डालने पर एक कपड़े का थैला निकलता है। यह निश्चित ही प्लास्टिक को हटाने में सहायक सिद्ध होगा। मेरा पहले रेकॉर्ड का एग्जीबिशन भी गजानन महाराज मंदिर के प्रांगण में ही हुआ और सीढ़ी दर सीढ़ी सफलता उनके आशीर्वाद से मिलती गई इसीलिए पहली मशीन श्री चरणों में अर्पण की, इस कार्यक्रम के लिए रायपुर से सांसद माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी विशिष्ट अतिथि रहे, जिनका मुझे हमेशा सहयोग रहता है। साथ में माननीय अजय काले अध्यक्ष महाराष्ट्र मंडल अविनाश बल्लाल अध्यक्ष गजानन महाराज मंदिर, सचिव अरुण डोंनगावकर जी, आदरणीय डाक्टर उदयभान सिंग, पूर्व महापौर मेरे भाई प्रमोद दुबे ये अतिथि गण आमंत्रित रहे।

साथ ही संजय आप्टे एवं सभी स्वजन, मित्र, और प्रेस से रिपोर्टर भाई बहनों ने इस प्रयास को बहुत ही सराहा, सबने सिक्के डालकर थैलियां निकली, सबने कहा कि थैली का एटीएम सुना भी नहीं था और देखा भी नहीं था महाराष्ट्र मंडल, मंदिर कमिटी के साथ बहुत लोग उपस्थित रहे।मैं विगत 12 वर्षो से पर्यावरण बचाने हेतु नई कपड़े की थैलियां वितरित कर रही हूं, उसी दिशा में अगला कदम एटीएम से प्राप्त राशि भी मंदिर में ही देंगे और थैलियां समाप्त होने पर भी मैं ही दूंगी। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि मेरा ये कार्य निरंतर चलता रहे और आप सब का सहयोग और आशीर्वाद बना रहे।

### ग्राम पंचायत पण्ड्रापाठ के बरपाठ-02 में नवीन आंगबाड़ी केन्द्र का हो रहा है संचालन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। इस योजना ने पीवीटीजी (विशेष पिछड़ी जनजाति) परिवारों के लिए सामाजिक और आर्थिक उत्थान का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। जशपुर जिलें में भी इस योजना का तहत विषेश पिछड़ी जनजाति समुदाय को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने प्रशासन सतत् प्रयास कर रहा है।

जशपुर जिले में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान कार्यक्रम के तहत् पहाड़ी कोरवा समुदाय में जागरूकता लाने के उद्देश्य से विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बाहुल्य क्षेत्र तहसील सन्ना के ग्राम पंचायत पण्ड्रापाठ के बरपाठ-02 में नवीन आंगबाडी केन्द्र जनवरी 2024 से संचालित किया जा रहा है।

## नई योजना : 'महिला करियर एडवाइजर' एलआईसी में महिलाओं के लिए

**रायपुर (विश्व परिवार)।** एलआईसी ने अपनी 68वीं वर्षगांठ के अवसर पर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक नई योजना, 'महिला करियर एडवाइजर' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, नई महिला सलाहकारों को पहले वर्ष के लिए मासिक 7000 रुपये, दूसरे वर्ष के लिए 6000 रुपये, और तीसरे वर्ष के लिए 5000 रुपये का निश्चित स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही, प्रदर्शन के आधार पर आकर्षक कमीशन भी मिलेगा, जो 5000 रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक हो सकता है।

महिला सलाहकारों को अन्य कई लाभ भी मिलेंगे, जैसे ब्याज मुक्त चारपहिया और दोपहिया वाहन ऋण, ग्रैच्युटी, ऑफिस खर्च, विदेश यात्रा, होम लोन, लैपटॉप लोन आदि।

इस योजना के तहत, 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाएं, जिन्होंने दसवीं कक्षा पास की हो, पूर्णकालिक या अंशकालिक तरीके से काम करके आकर्षक आय प्राप्त कर सकती हैं।

सभी इच्छुक महिलाएं योजना कि सम्पूर्ण जानकारी हेतु या योजना का लाभ लेने हेतु श्री गोपाल सरकार, ख्रुष्ट विकास अधिकारी से ख्रुष्ट लाईफ प्लस, ख्रुष्ट अभिकर्ता भर्ती केंद्र, पहली मंज़िल, ख्रुष्ट शाखा क्रं. -2 के उपर, ख्रुष्ट कैपस, पंडरी, रायपुर पर संपर्क कर सकती हैं या www.licagencycg.com पर रजिस्टर कर आवेदन कर सकते हैं। तीन वर्षों की निर्धारित अवधि पूरी करने के बाद, वे ख्रुष्ट डेवलपमेंट ऑफिसर के पद पर भी नियुक्त हो सकती हैं।

## मुख्यमंत्री बगिया कैंप कार्यालय से मरीजों को मिल रही है तत्काल सहायता

**अब तक 1023 मरीज को मिला स्वास्थ्य लाभ**

### जिले में स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन नम्बर का हो रहा है सुचारू संचालन



**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से जिले में स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन प्रत्येक समय मरीज के स्वास्थ्य संबंधित परेशानी के समाधान हेतु उपलब्ध है। विकासखंड, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय से संबंधित मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य संबंधी लाभ उपलब्ध कराया जाना स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन का उद्देश्य है। जशपुर जिले के अंतर्गत ही नहीं बल्कि मरीज-हितग्राहियों को जिले के बाहर रायपुर अन्य नजदीकी जिले अंबिकापुर, रायगढ़ तथा अन्य राज्य जैसे रांची में भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत फ़रवरी 2024 से आज पर्यंत 1023 मरीज को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया है।

विदित हो कि सर्वप्रथम आवेदक आवेदन बगिया कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करते हैं। आवेदन प्रस्तुत होने के पश्चात तत्काल 5 मिनट के अंदर कार्यवाही की जाती है। दूरभाष द्वारा संपर्क कर संपूर्ण जानकारी लिया जाता है और स्वास्थ्य संबंधित निराकरण हेतु अन्य संबंधित चिकित्सा अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारी से संपर्क किया जाता है। संपर्क करने के बाद निराकरण करने हेतु मरीज से पुन: कॉल कर उनके स्वास्थ्य संबंधित समस्या का समाधान किया जाता है।

## राजधानी रायपुर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वार्ड 60, 61 में किया विकास कार्यों को लेकर भूमिपूजन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 6 के अंतर्गत चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60 और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 61 के विभिन्न 11 स्थानों में पहुंचकर अधोसंरचना मद, विधायक निधि, धर्मस्व निधि मद से 2 करोड़ 85 लाख रुपए की स्वीकृत लागत से विभिन्न 11 स्थानों में प्रारम्भ करवाने श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया।

इसमें वार्ड नम्बर 60 के तहत विभिन्न 7 स्थानों में 88 लाख 60 हजार रूपये की लागत से और वार्ड 61 में अधोसंरचना मद एवं विधायक निधि मद के तहत 1 करोड़ 96 लाख रुपए के विभिन्न 4 स्थानों में नवीन विविध विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वार्ड नम्बर 60 और वार्ड 61 के रहवासियों को दोनों वार्डों में कुल 2 करोड़ 85 लाख रूपये के नए विविध विकास कार्य प्रारम्भ होने पर बधाई दी। उन्होंने जोन 6 के संबंधित अधिकारियों को नए स्वीकृत विकास कार्य तत्काल प्रारम्भ करवाकर तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए प्राथमिकता से पूर्ण करवाने निर्देशित किया।

इस अवसर पर नगर निगम उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, वार्ड 60 की पार्षद सावित्री जयमोहन साहू सहित पार्षद सरिता आकाश दुबे, मृत्युंजय दुबे, चंद्रपाल धनगर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पूर्व पार्षद रामकृष्ण धीवर, जोन 6 के सम्बंधित अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, बीएसयूपी कॉलोनी के रहवासियों, महिलाओं, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अमृत मिशन 2.0 के टेंडर घोटाले के संबंध में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में हुई शिकायत

### मुख्य सचिव सहित सूडा के आला अधिकारियों से भी हुई लिखित शिकायत, छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार अपने चरम पर




**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय एवं विकास विभाग सूडा द्वारा भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना अमृत मिशन 2.0 में जल प्रदाय योजना के 350 करोड़ के काम देने में टेंडर प्रक्रिया में व्यापक रूप से घोटाला किया गया जिसमें सूडा के अधिकारियों द्वारा टेंडर में भाग लेने हेतु बनाए गए मापदंडों में फेर बदल करते हुए ठेकेदार से पार्टनरशिप करते हुए उन्हें 350 करोड़ के कार्य दिए गए इसी मामले में शिकायतकर्ता प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार अमित गौतम द्वारा आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर लिखित शिकायत सौंपी गई। साथ ही प्रदेश के मुख्य सचिव सूड़ा विभाग के डायरेक्टर, सीईओ को भी लिखित में इस विषय में शिकायत पत्र दिया गया है।

अधिकारियों द्वारा योजना की परवाह न करते हुए अपनी जेब भरने में लगातार व्यस्त रहे जिससे प्रदेश के बहुत से निकायों में अपात्र ठेकेदारों को भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों द्वारा कार्य दिया गया। ऐसे अधिकांश ठेकेदारों द्वारा अभी तक अमृत मिशन योजना के कार्य को प्रारंभ तक नहीं किया गया है, जिससे शासन को करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद भी इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ आम जनता को अब तक नहीं मिल पाया है।

इस दिशा में पूर्व में भी शिकायत की गई थी जिसपर विभाग के उदासीन अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, शिकायतकर्ता द्वारा इससे क्षुब्ध होकर राज्य आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो में इस मामले की लिखित शिकायत की गई और साथ ही यह भी कहा गया कि एक जांच टीम बनाकर इस विषय में तत्काल एफ आई आर दर्ज करने की कार्यवाही भी की जाए।

इस भ्रष्टाचार में संलिप्त सूडा एवं निगम के अधिकारियों द्वारा अमृत मिशन 2.0 के कार्य हेतु ज्वाइंट वेंचर को टेंडर प्रक्रिया हेतु अनुमति प्रदान की गई जिसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि ज्वाइंट वेंचर में सम्मिलित दोनों पार्टनर को जलप्रदाय के समस्त घटकों को कार्य का अनुभव होना अति आवश्यक है किंतु तकनीकी मूल्यांकन हेतु दोनों पार्टनर का अनुभव मिलाकर पूर्ण किया गया जो की टेंडर में उल्लेखित नियमों के साथ विरुद्ध है। अधिकारियों द्वारा अमृत मिशन 2.0 के जलप्रदाय योजना के कार्य अपने चाहते ठेकेदारों को देने हेतु टेंडर प्रक्रिया में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की गई जो की गंभीर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।

नगर निगम बिरगांव रायपुर में जलप्रदाय योजना का कार्य मेंसर्स सरस्वती हरि इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है किंतु एजेंसी द्वारा अभी तक इस योजना को पूर्ण नहीं किया गया। स्पष्ट रूप से योजना में अभी भी दो नग उच्च जलागार, 6 किलोमीटर पाइप लाइन, वाटर मीटर स्थापना कार्य में लाइन का इंटर कनेक्शन कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है तथा योजना का मरम्मत एवं संधारण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है, कार्य पूर्ण न होने के पश्चात भी अधिकारियों द्वारा मिली भगत करके कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है।

इस तरह से व्यापक रूप से हुए इस भ्रष्टाचार में शिकायतकर्ता प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार अमित गौतम द्वारा त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है ताकि विभागों में हो रहे व्यापक भ्रष्टाचारों को रोका जा सके और आम जनता को शासन की योजनाओं का समय पर उचित लाभ मिल सके।

## जिले के अंतिम ग्राम पंचायत तक पहुंचे वाई-फाई की सुविधा : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में आज राजनांदगांव जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सांसद श्री संतोष पाण्डेय उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जिले के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि जिले के अंतिम ग्राम पंचायत तक वाई-फाई की सुविधा पहुंची चाहिए। वाई-फाई की सुविधा होने से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कभी भी सरपंच एवं सचिव से बात हो सकेगी। इसके लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने कहा कि जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अमृत मिशन योजना तथा पंप लगने के बाद टैंक तक पानी पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुनरूद्धार वितरण क्षेत्र योजना के अंतर्गत मद में प्राप्त राशि लैप्स हो जाने के कारण विकास कार्य बाधित होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि समय पर कार्य नहीं करने वाले कंपनी, कान्ट्रेक्टर को कैसिंल करें या ब्लैक लिस्ट करें।

डॉ. सिंह ने कहा कि गौठानों में चल रहे रीपा एवं चारागाह का बेहतर उपयोग करते हुए यह तय करें कि गौठान का और अच्छा उपयोग कैसे किया जा सकता है। ग्राम सभा में गौठान के संबंध में निर्णय लेते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ग्रामीण क्षेत्रों के लिए महत्वाकांक्षी योजना है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी



नाक को सही
(रिशेपिंग)करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354